卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारूत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 219 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦20 मई 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

# पांचवे चरण में 49 सीटों के लिए पड़े वोट

## राहुल गांधी, राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल सहित कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर

नई दिल्ली(उद ब्यूरो)। लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में सोमवार को आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों के लिए मतदान हुआं इस चरण में उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की सात, ओडिशा की पांच, बिहार की पांच, झारखंड की तीन, जम्मू कश्मीर की एक, लद्दाख की एक सीट पर वोटिंग हो रही है। पांचवें चरण में कई बड़े दिग्गजों की चुनावी प्रतिष्ठा दांव पर है। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, राहुल गांधी, चिराग पासवान, राजीव प्रताप रूडी, रोहिणी आचार्य,उमर अब्दुल्ला और पीयूष गोयल जैसे दिग्गज शामिल हैं। पांचवें चरण के साथ कुल 428 सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा। आज 49 लोकसभा सीटों पर 8 करोड़ 95 लाख से ज्यादा मतदाता 94732 मतदान केंद्रों पर वोट डालकर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। पांचवें चरण की 49 लोकसभा सीटों पर कुल 695 प्रत्याशी मैदान में हैं। पांचवें चरण में 9 लाख 47 हजार कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। सामान्य तौर पर सुबह



सात बजे से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पांचवें चरण में कुल 8 करोड़ 95 लाख से ज्यादाम मतदाता हैं। इसमें 5409 वोटर थर्ड जेंडर हैं। पांचवे चरण में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और उनके बेटे अर्जुन तेंदुलकर ने मुंबई के एक पोलिंग बूथ पर वोट डाला। वहीं फिल्म अभिनेता रणवीर सिंह और उनकी अभिनेत्री पत्नी दीपिका सिंह ने मुंबई के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाल। मुंबई के मतदान केंद्रों पर बड़ी संख्या में फिल्मी सितारों ने पहुंचकर वोटिंग की। उधर जम्मू-कश्मीर में भी बड़ी संख्या में लोग वोट डालने के लिए निकले। बारामूला सीट पर मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किये गये थे। वहीं बंगाल की सात सीटों पर छिटपुट हिंसा के बीच मतदान हुआ। मतदान के दौरान बनगांव में भाजपा नेताओं पर हमले की घटना सामने आई है। आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। वहीं यूपी की 14 सीटों पर शांतिपूर्ण मतदान हुआ। मतदान में दोपहर 12 बजे तक 30 % प्रतिशत मतदान हुआ है। इन 14 सीटों में सबसे अधिक मतदान बाराबंकी में हुआ। यहां 30.59 प्रतिशत वोट पड़े। राजधानी लखनऊ में अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ है। यहां 22 फीसदी (शेष पृष्ठ सा पर)

# गंगा में बहा विदेशी पर्यटक

ऋषिकेश (उद संवाददाता)। मुनि की रेती क्षेत्र में गंगा में सोमवार सुबह नहाते समय तेज बहाव की चपेट में आने से एक विदेशी पर्यटक बह गया। एसडीआरएफ उसकी तलाश में जुटी है, लेकिन अभी तक उसका कुछ सुराग नहीं लग सका है।



पुलिस के मुताबिक 59 वर्षीय प्रग्नेश औंधिया पुत्र नटवर लाल निवासी 38 एलिमेंट, लंदन यूके अपनी पत्नी पिनाकी व पुत्र आनंद के साथ सुबह करीब साढ़े सात बजे स्वामी नारायण आश्रम घाट पर नहा रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से प्रग्नेश गंगा में बह गए। परिवार ने शोर मचाया तो लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू अभियान चला रही है। समाचार लिखने तक प्रग्नेश का पता नहीं चल पाया था।

# थार खाई में गिरने से दो की मौत, तीन घायल

देहरादून (उद संवाददाता)। मसूरी रोड पर सोमवार तड़के मसूरी घूमने जा रहे युवाओं की कार खाई में गिर गई। हादसे में एक युवक और एक युवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार तड़के तीन बजे पांच लोग थार वाहन संख्या यूके 01डी-3333 में सवार होकर मसूरी घूमने जा रहे थे। इस दौरान वे सीधे मसूरी रोड से ना जाते हुए कार ओल्ड राजपुर रोड की तरफ ले गए। वहां ऊपर जाते ही सड़क खत्म हुई तो उन्होंने गाड़ी वापस घुमा दी। इसी बीच उनकी कार खाई में जा गिरी। हादसे में 30 वर्षीय आयुष शर्मा पुत्र दिनेश दत्त शर्मा निवासी 4 तेग बहादुर रोड और 29 वर्षीय अवनी कुकरेती पुत्री आशीष कुकरेती, रजनी कुंज सोलागढ़ रोड की मौत हो गयी। जबकि29 वर्षीय सागर नरूला पुत्र गुलशन कुमार निवासी बी- 82 पटेल नगर दिल्ली, 33 वर्षीय युवराज बिष्ट पुत्र केओ बिष्ट, 30/2 कालिदास रोड देहरादून, 38 वर्षीय ईशा पुत्री राकेश निवासी चंद्र सिंह गढ़वाली मार्ग धरमपुर देहरादून आदि घायल हो गये। सूचना (शेष पृष्ठ सा पर)





# दबंगों ने युवक को पीटकर किया अधमरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। अपराधियों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं। खुलेआम हो रही गुंडा गर्दी का ताजा मामला विगत रात्रि लालपुर में सामने आया है। कुछ दबंगों ने एक फैक्ट्री कर्मी को सड़क पर घेरकर हमला कर दिया। युवक की हालत गंभीर बनी हुयी है। जानकारी के मुताबिक विगत रात्रि एक युवक कंपनी से घर जा रहा था। युवक को कुछ दबंगों ने घेर लिया। दबंगों ने युवक को डरा धमका कर पैसे की मांग की।जब बात नहीं बन पाई तो उसके साथ (शेष पृष्ठ सा पर)

# संदिग्ध हालातों में महिला फांसी पर लटकी मिली

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा के ग्राम कोटखर्रा नजीमाबाद में गत रात्रि एक महिला का शव उसके घर के पास झोपड़ी में संदिग्ध अवस्था में फांसी पर लटका पाया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव अपने कब्जे में लिया और परिजनों से आवश्यक जानकारी लेकर शव पोस्ट मार्टम के लिए भेजा। इस मामले में जहां मृतका के परिजनों ने उसके पति पर हत्या कर फांसी पर लटका देने का आरोप लगाया है तो वहीं पति ने मृतक पत्नी पर अन्य के साथ प्रेम प्रसंग रखने की बात कही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के



कारणों का पता चल सकेगा। जानकारी के अनुसार ग्राम कोटखर्रा नजीमाबाद निवासी अधिवक्ता लालू प्रसाद की पत्नी 32 वर्षीय रजनी देवी का शव गत रात्रि घर के पास ही स्थित झोपड़ी के बाहर बल्ली पर लटका मिला। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव अपने कब्जे में लिया और परिजनों से आवश्यक जानकारी ली। घटना की सूचना मिलने पर पहुंचे मृतका रजनी के पिता ग्राम बन्दरभोज, माध वटांडा पीलीभीत निवासी रामगोविन्द ने बताया कि लालू प्रसाद उनकी पुत्री से मारपीट करता था। जिसकी जानकारी उसे मिलती रहती थी। उसका आरोप है कि लालू ने ही उसे पहले मारकर फिर फांसी पर लटका दिया। वहीं लालू का आरोप है कि उसकी पत्नी का चरित्र अच्छा नहीं था। उसने स्वयं 18 मई की रात्रि उसको घर के पास झोपड़ी में एक युवक के साथ रंगरेलियां मनाते पकड़ा था। माफी मांगने पर उसको हिदायत भी दी थी।

# अंतर्राज्यीय ऑटो लिफ्टर दबोचे,14 बाइकें बरामद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। पकड़े गये चोरों से चोरी की 14 बाईकें बरामद की गयी है। सोमवार को शाम को एसएसपी मंजूनाथ टिसी पूरे मामले का खुलासा करेंगे। बता दें बीते कुछ समय से शहर और आस पास के इलाकों में वाहन चोरी की घटनायें लगातार बढ़ रही थी। वाहन चोर कई मोटरसाईकिलों को घरों और सार्वजनिक स्थानों से चोरी करके ले जा रहे थे। इन घटनाओं का संज्ञान लेते हुए एसएसपी मंजूनाथ टिसी ने खुलासे के लिए टीम का गठन किया था। टीम ने वाहन चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए कई सीसी



टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। लम्बी छानबीन के बाद आखिरकार पुलिस ने वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे अंतर्राज्यीय गिरोह के तीन चोरों को पकड़ लिया है। ये तीनों चोर खेड़ा मोहल्ले के बताये जा रहे हैं। इनके दो साथी फरार हैं, फरार वाहन चोर यूपी के थे। पकड़े गये वाहन चोरों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 14 बाईकें भी बरामद कर ली है। पकड़े गये आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। पूरे मामले का खुलासा एसएसपी मंजूनाथ टिसी शाम को करेंगे।

# दुकान में आग से हजारों का क्षति

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। बीती रात्रि सितारगंज रोड स्थित एक सब्जी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग से सब्जी और बारदाना जलकर राख हो गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार सितारगंज रोड पर संतोश की सब्जी की दुकान है। बीती रात्रि रविवार को सब्जी की दुकान में पल्ली आदि बांधकर अपने घर चला गया था कि रात्रि करीबन 12 बजें दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से सब्जी आलु प्याज आदि जल गए। जबकि सब्जी का बारदाना भी जल गया। दुकानदार के मुताबिक आग दुकान में नही (शेष पृष्ठ सा पर)

# नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से 4.31 लाख की ठगी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात व्यक्ति द्वारा ऑनलाईन एक युवती से सम्पर्क कर एक कम्पनी में नौकर दिलाने के नाम पर उससे 4.31 लाख रूपये ठग लिए गये । मामले की रपट दर्ज कराप दी गई है। दर्ज रपट में निधि केडियाल पुत्री राजेन्द्र प्रसाद केडियाल निवासी गर्ल्स हॉस्टल, आवास विकास रुद्रपुर, मूल निवासी जोशी कालोनी, ग्राम चोरपानी, रामनगरने कहा है कि उसने नौकरी के लिये नौकर डॉट काम वैबसाईट पर अपना रिज्यूम अपलोड किया था । 16 जनवरी 2024 को उसके मोबाईल पर एक अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया, जिसने अपना नाम नायक देसमुख तथा खुद कोसेप मैनेजमेंट कन्सलटेंसी बंगलौर से होना बताया। उसने कहा कि जापान की एक कम्पनी को सेल्स मैनेजर की आवश्यकता है तथा उसने आपका रिज्यूम देखकर इस जॉब के लिये ऑफर किया । इसके बाद उसने इन्टरव्यू लिया गया । उसने इस पद पर चयन होना बताया तथा सिक्योरिटी धनराशि के रुप में 32,780 रुपये जमा करने को कहा। जो उसने जमा कर दिये।इसके बाद उसने अलग अलग नम्बरो से फोन कॉल व वाट्सअप चैट के माध्यम से वेरिफिकेशन,(शेष पृष्ठ सा पर)

# राइस मिल में लाइन में खड़े व्यक्ति व उसके साथी पर हमला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। किच्छा मार्ग पर स्थित एक राइस मिल में लाइन में खड़े एक व्यक्ति व उसके साथी पर कुछ लोगों ने लाइट की रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। इंद्रपाल पुत्र गुलविंदर सिंह निवासी ग्राम करतारपुर, कौशलगंज, थाना-बिलासपुर, का कहना है कि 18 मई को दोपहर वह अपने साथी सौरभ कुमार पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार, निवासी (शेष पृष्ठ सा पर)




# यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने डीजीपी पहुंचे केदारनाथ

## डीजीपी अभिनव कुमार ने पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने और वीडियो रील्स बनाने वालों पर सख्ती करने के दिए निर्देश

रूद्रप्रयाग(उद संवाददाता)। यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने रविवार को उत्तराखण्ड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार केदारनाथ धाम पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए। रविवार को उत्तराखण्ड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार केदारनाथ धाम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु पहुंचे। इस दौरान उनके द्वारा ड्यूटी पर नियुक्त पुलिस बल को श्रद्धालुओं के साथ सौम्य व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। केदारनाथ धाम मन्दिर परिसर में 50 मीटर की दूरी पर वीडियोग्राफी एवं सोशल मीडिया रील्स बनाने वालों पर सख्ती करने के निर्देश दिए गए ताकि मन्दिर दर्शन के लिए आये श्रद्धालुओं को दिक्कत न हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोपरि है ऐसे में इस बात का ध्यान अवश्य रहे कि किसी भी प्वाइंट पर अनावश्यक भीड़ न हो। भीड़ प्रबन्धन एवं प्रभावी लाइन व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए। केदारनाथ धाम में नियुक्त पुलिस बल बल के साथ संवाद स्थापित कर व उनकी ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सभी को पूर्ण निष्ठा के साथ कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। पुलिस महानिदेशक उत्तराखण्ड ने कहा कि आज चार धाम यात्रा के अन्तर्गत केदारनाथ धाम के कपाट खुले हुए दसवां दिन है। इस अवसर यात्रा व्यवस्थाओं को देखने मैं स्वयं आया था। इस बार अभी तक जो भीड़ आई है प्रतिदिन तीस हजार से भी अधिक श्रद्धालु दर्शन करके जा रहे हैं। निश्चित रूप से यहां पर जो भी मंदिर व्यवस्था से जुड़ी हुई सारी एजेंसियां हैं, बद्री केदार मंदिर समिति, जिला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, आईटीबीपी, स्वास्थ्य विभाग, पर्यटन विभाग, सूचना विभाग है, सारी टीमें जिस तालमेल के साथ कार्य कर रही हैं, एक बहुत अच्छा उदाहरण है। आने वाले दिनों में भीड़ के दबाव को देखते हुए हमारी कोशिश रहेगी कि यहां पर जो भी पुलिस व्यवस्था है, उसको और सुदृढ़ किया जाए जिससे यात्रियों के लिए हम और बेहतर से बेहतर व्यवस्था कर सकें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ0 विशाखा अशोक भदाणे, पुलिस उपाधीक्षक केदारनाथ यात्रा अविनाश वर्मा, चौकी प्रभारी केदारनाथ मंजुल रावत सहित पुलिस, पीएसी, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के जवान मौजूद रहे।







## मद्महेश्वर मंदिर के खुले कपाट

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)।पंच केदार में द्वितीय भगवान मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज शुभ लग्न में साढ़े 11 बजे भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर 350 से अधिक श्रद्धालु मंदिर में मौजूद रहे। बाबा मद्महेश्वर की चल उत्सव विग्रह डोली को दस बजे मंदिर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के कपाट



खोलने की प्रक्रिया शुरू हुई। पुजारी टी गंगाधर लिंग ने पूजा-अर्चना के बाद बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति के अधिकारियों, हकहकूक धारियों की उपस्थिति में विधि-विधान से मंदिर के कपाट खोले। इसके बाद भगवान मदमहेश्वर के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से अलग कर निर्वाण रूप व उसके बाद श्रृंगार रूप दिया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। कपाट खुलने के मौके पर पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश द्वारा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है।

## चारधामों में दर्शनार्थियों का आंकड़ा छह लाख पार

देहरादून। चारधाम यात्रा शुरू होने के 10 दिनों के भीतर चारधामों में छह लाख से अधिक तीर्थयात्री दर्शन कर चुके हैं। इसमें सबसे ज्यादा केदारनाथ धाम में 2.50 लाख से अधिक यात्रियों ने दर्शन किए। बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में रोजाना औसतन 70 हजार से ज्यादा तीर्थयात्री दर्शन कर रहे हैं। वहीं, चारधाम यात्रा के लिए



पंजीकरण का आंकड़ा 29.52 लाख पहुंच गया है। चारधाम यात्रा का आगाज 10 मई से हुआ है। इस बार यात्रा के शुरूआत में ही दर्शनों के लिए धामों में तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। 10 दिन के भीतर बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम में छह लाख से अधिक यात्री दर्शन कर चुके हैं। इसे देखते हुए प्रदेश सरकार व प्रशासन ने भी बिना पंजीकरण यात्रा करने वाले पर सख्ती बरती है। जगह-जगह पर पंजीकरण की चेकिंग की जा रही है। जिससे धामों में बढ़ रही यात्रियों को भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। केदारनाथ धाम में 2,46,820, बदरीनाथ धाम में 1,20,757 यमुनोत्री धाम में 1,25,608 गंगोत्री धाम में 1,12,508 श्रद्धाजलुओं ने दर्शन किये।

## बदरीनाथ धाम में बने हैं 180 होटल, 28 धर्मशालाएं

बदरीनाथ धाम में तीर्थयात्रियों को ठहरने की पर्याप्त जगह मिल जाती है। यहां एक दिन में लगभग 20,000 श्रद्धालु ठहर सकते हैं। यहां होमस्टे नहीं हैं, लेकिन 180 छोटे-बड़े होटल और 28 धर्मशालाएं हैं। बदरीनाथ धाम में वातानुकूलित होटल भी हैं जिनका एक दिन का किराया 38,000 रुपये है, जबकि अन्य होटलों में 1000 से लेकर 5000 तक किराये पर कमरा मिल जाता है। वहीं धर्मशालाओं में 300 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का कमरा मिल जाता है। धाम में बीकेटीसी के दो धर्मशालाएं भी थीं। इन धर्मशालाओं में श्रद्धालुओं के निशुल्क ठहरने की व्यवस्था



थी, लेकिन इन धर्मशालाओं को मास्टर प्लान के तहत ध्वस्त कर दिया गया है। वहीं ज्योतिर्मठ की धर्मशालाओं में साधु-संतों व निर्धन श्रद्धालुओं को निशुल्क ठहरने की व्यवस्था मिल जाती है। धाम में गढ़वाल मंडल विकास निगम का गेस्ट हाउस भी है। इसमें 560 लोग ठहर सकते हैं। यहां 4500 से लेकर 5800 रुपये किराये पर कमरे मिल जाते हैं। इसमें खाने की सुविधा भी दी जाती है, जबकि 500 बेड की डोरमेटरी भी है, यहां 700 रुपये प्रति बेड (डिनर सहित) की सुविधा है। जीएमवीएन के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक रावत ने बताया कि यात्रा पड़ाव जोशीमठ, पीपलकोटी, कर्णप्रयाग, गौचर, गोपेश्वर में भी निगम के गेस्ट हाउस स्थित हैं।

## यात्रा पर आए गुजरात व महाराष्ट्र के दो और श्रद्धालुओं की मौत

उत्तरकाशी। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए दो और श्रद्धालुओं की मौत की खबर सामने आई है। एक श्रद्धालु गुजरात तो दूसरा श्रद्धालु महाराष्ट्र का बताया जा रहा है। बता दें चार धाम यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या अब 17 हो गई है। पहला श्रद्धालु गुजरात के बड़ोदरा का है। जानकारी के अनुसार कमलेशभाई पटेल (53) शनिवार को यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए थे। जानकीचट्टी से यमुनोत्री पैदल मार्ग पर जाने के दौरान कमलेशभाई को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। तभी उन्हें चक्कर आ गए। आनन-फानन में उन्हें स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे श्रद्धालु की पहचान रोहिणी किसन दल्वी (54) निवासी पुणे के रूप में हुई है। यमुनोत्री धाम के दर्शन के बाद महिला खरादी में रुकी थीं। अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। महिला को स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बता दें यमुनोत्री धाम में अभी तक 14 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। जबकि चारधाम यात्रा के दौरान मरने वालों की संख्या 17 हो गई है।

## भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर का वीडियो वायरल होने के बाद आया नया मोड़

### अभिनेत्री ने प्रेसवार्ता में किया खुलासा राधा और कृष्ण के जैसा है हमारा प्रेम

हरिद्वार(उद संवाददाता)। बीते दिनों उत्तराखंड भाजपा के पूर्व विधायक सुरेश राठौर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। वीडियो में वह एक अभिनेत्री के बालों में कंघी करते दिखाई दे रहे थे। इसे पूर्व विधायक ने फिल्म का हिस्सा बताया था। जबकि अभिनेत्री ने कुछ ही दिन बाद सहारनपुर में प्रेस कांफ्रेंस कर सुरेश राठौर से नेपाल के एक मंदिर में शादी की बात कही थी। वहीं अब इन तमाम बयानों के बीच रविवार को इस मामले में नया मोड़ आ गया। अभिनेत्री को पूर्व विधायक व रविदास आचार्य सुरेश राठौर ने पीठ की मुख्य सेविका का दर्जा दे दिया। उन्होंने और अभिनेत्री ने प्रेसवार्ता कर कहा कि जैसे राधा ने खुद को कृष्ण को समर्पित कर दिया था, उसी तरह उन्होंने रविदास आचार्य सुरेश राठौर को खुद को समर्पित कर दिया है। हमारे बीच जो प्रेम है वह राधा कृष्ण की तरह है। उन्होंने कहा कि आज उनको एक अहम जिम्मेदारी मिलने के बाद उन्होंने भगवा धारण कर लिया है। वायरल वीडियो पर उन्होंने कहा कि वह



वीडियो उन्होंने वायरल नहीं किया है। यह कुछ लोगों की साजिश है हमें बदनाम करने की। सुरेश राठौर ने कहा कि अभिनेत्री और उन्हें बदनाम कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इससे ज्यादा वह कुछ नहीं कह सकते हैं। बताया जा रहा है कि अभिनेत्री तीन फिल्मों में पूर्व विधायक के साथ काम कर चुकी हैं। यही नहीं उनका तलाक का मामला भी चल रहा है। बीते दिनों अपने बयान में पूर्व विधायक ने यह भी कहा था कि अभिनेत्री उनकी पीठ से लंबे अरसे से जुड़ी हुई हैं और उनका आना-जाना लगा रहता है। वायरल वीडियो को राजनीतिक तौर पर गलत तरीके से पेश किया जा रहा है।

## नजीबाबाद के किशोर की नदी में डूबने से मौत

कोटद्वार। घूमने आए नजीबाबाद निवासी एक किशोर की खोह नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। एसआई जयपाल सिंह ने बताया कि यूपी के जिला बिजनौर के अंतर्गत बांसमंडी,



मछली बाजार नजीबाबाद निवासी अफसान (17) पुत्र साकिर और उसके दो दोस्त रविवार को घूमने के लिए कोटद्वार आए थे। खाना खाने के बाद तीनों बाइक से सिद्धबली मंदिर पहुंचे। इसके बाद करीब 3:30 बजे तीनों नहाने के लिए खोह नदी में उतर गए। यहां सिंचाई विभाग की ओर से दायीं खोह नहर में सिंचाई का पानी चलाने के लिए बंधे बनाए हैं। इसी बंधे में तीनों नहा रहे थे। अफसान के साथी हिबजान और हिबान ने बताया कि उन्हें तैरना नहीं आता था इसलिए वह कम पानी में ही नहा रहे थे। जबकि अफसान को थोड़ा बहुत तैरना आता था इसलिए वह गहराई में उतर गया। लेकिन पानी ज्यादा गहरा होने के कारण वह डूबने लगा। अफसान को डूबता देख दोनों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को मदद के लिए पुकारा। बताया कि काफी मशक्कत के बाद युवक ने अफसान को बाहर निकाला। बीते तीन महीने में खोह नदी में नहाने के दौरान युवकों के डूबने की यह तीसरी घटना है। इससे पूर्व भी बांयी खोह नहर के बंदे पर दो युवकों की मौत हो चुकी है। पहली घटना 31 मार्च को हुई थी, जिसमें मेरठ निवासी वासु व्यास (24) नदी में डूब गया था। जबकि दूसरी घटना 17 अप्रैल को हुई थी। जिसमें नजीबाबाद निवासी किशोर रिजाज (17) की डूबने से मौत हो गई थी।



## भागीरथी नदी में बहा दिल्ली का युवक

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में तिलोथ पुल के पास दिल्ली का एक युवक भागीरथी नदी में बह गया। सूचना पर पहुंची पुलिस, एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन विभाग की क्यूआरटी टीम ने तुरंत सर्च ऑपरेशन शुरू किया। टीम ने जोशियाड़ा बैराज में काफी देर तक युवक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। वहीं, मौसम खराब होने के चलते सर्च ऑपरेशन बीच में रोकना पड़ा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने बताया कि आकाश(30)निवासी गोल चक्कर लोनी रोड दिल्ली पेशे से व्यापारी बताया जा रहा है।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय।
नागाननाथ श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ।।
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

# भीमताल झील में फंसी सैलानियों की नाव,सड़कों पर लगा लंबा जाम

नैनीताल। सुकून और मौज–मस्ती की तलाश में पहाड़ की वादियों में पहुंचे सैलानियों के लिए रविवार आफतभरा रहा। भीमताल झील में सैलानियों की नाव फंस गई, उनकी अटकी सांसों को उस वक्त सुकून मिला जब नाव किसी तरह किनारे आ लगी। भीमताल और गरमपानी में सैलानियों को जाम से जूझना पड़ा। गर्मी में रेंगते हुए वाहनों की वजह से पर्यटकों को गंतव्य तक पहुंचने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। सरोवरनगरी में भीड़ देखकर पुलिस ने दूसरे राज्यों से आए पर्यटकों के वाहन रोक दिए तो सैलानी परेशान हो गए, उन्हें समझ में नहीं अब क्या करें। भला हो व्यापारियों का जिन्होंने पुलिस से कहसुनकर पर्यटकों को नैनीताल जाने दिया। जलस्तर कम होने से भीमताल झील में जमी सिल्ट सैलानियों के लिए खतरा बन रही है। रविवार को झील में बोटिंग करते समय सैलानियों की नाव आध घंटे तक सिल्ट में फंसी रही। इससे सैलानियों में भय का माहौल पैदा हो गया। बाद में नाव चालकों ने धक्का देकर नावों को किनारे लगाया। स्थानीय लोगों ने कहा कि सिंचाई विभाग को उन जगहों पर नौकायन का संचालन बंद करवाना चाहिए, जहां जलस्तर कम होने से सिल्ट दिखाई दे रही है। ताकि सैलानियों की जान को कोई खतरा न हो सके और भीमताल झील को लेकर सैलानियों में कोई सवाल खड़े न हो सके। पर्यटन सीजन में सैलानियों को बेहतर यातायात व्यवस्था उपलब्ध कराने के पुलिस और जिला प्रशासन के दावे फेल होते नजर आ रहे हैं। रविवार को भीमताल, रानीबाग, भवाली और कैंचीधाम में घंटों जाम लगने से सैलानियों और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें–
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः–
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री–पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA M.D. (Ayurveda) Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA M.D. (Ayurveda) स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं0 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी। डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# रूद्रपुर के मुख्य बाजार में चलाया विशेष सफाई अभियान





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। भाजपा नेताओं के प्रयास के बाद नगर निगम ने शहर में नाले नालियों की तली झाड़ सफाई का अभियान शुरू कर दिया है। बता दें बीते दिनों भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा नेताओं ने सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से मुलाकात कर बरसात से पहले नाले नालियों की तली झाड़ सफाई, कई वार्डों में स्ट्रीट लाईटें लगाने, मच्छरों के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए सहित कई समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए ज्ञापन भी सौंपा था। भाजपा नेताओं की शिकायत के बाद नगर निगम ने सोमवार को मुख्य बाजार से तली झाड़ सफाई अभियान की शुरूआत कर दी है। इस दौरान नालियों के उपर लगाये गये जाल को हटाकर नालियों की तली झाड़ सफाई की गयी। व्यापारियों ने बताया कि बीते कई वर्षों के बाद नगर निगम ने जाल हटाकर बाजार में सफाई करायी है। मौके पर मौजूद भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सहायक नगर आयुक्त से हर 15 दिन में मुख्य बाजार में इसी तरह का अभियान चलाने को कहा। साथ ही उन्होंने वृहद सफाई अभियान शुरू करने पर सहायक नगर आयुक्त का आभार भी व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तली झाड़ सफाई अभियान चलने से आगामी मानसून के दौरान जलभराव से राहत मिलेगी। इस अवसर पर शप्रा जोशी ने बताया कि निगम द्वारा सम्पूर्ण क्षेत्र में मानसून पूर्व वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज वार्ड 3, 4, 5, व 6 में भी जेसीबी के साथ सफाई कर्मियों ने अभियान चलाया है। अभियान आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने लोगों से कूड़ा नालियों में ना डालने की अपील भी की। इस मौके पर सुनील ठुकराल,सोनू अनेजा, राजेश कामरा, राजन राठौर, मनोज छावड़ा, संदीप राव आदि भी मौजूद रहे।

# जनता दरबार में बेहड़ ने सुनी लोगों की फरियाद

किच्छा(उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ के जनता दरबार में फरियादियों की भीषण गर्मी में भी भीड़ लगी रही। बिजली, पानी खड़ंजे , सड़क, स्थाई निवास आधार कार्ड संशोधन ,से लेकर तमाम समस्याओं को लेकर क्षेत्रीय विधायक तिलकराज बेहड़ के सम्मुख फरियादियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिनका निस्तारण भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि नागरिकों की सभी समस्याओं का त्वरित गति से निस्तारण किया जाना उनके वीजन में है। वर्तमान में चुनावी आचार संहिता के चलती किसी भी कार्य पर कार्यवाही नहीं की जा रही है तमाम कार्य चुनावी आचार संहिता के चलते बाधित हो रहे हैं चुनावी आचार संहिता के हटते ही रुके हुए सारे कार्यों को सुचारू रूप से प्रारंभ कर दिया जाएगा किंतु आम जनता की बिजली पानी की समस्या के समाधान हेतु संबंधित विभागों को निर्देशित किया जा चुका है उन्होंने कहा कि बढ़ती गर्मी के चलते पानी और बिजली की किल्लत होने पर संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों की जिम्मेवारी निर्धारित की जाएगी। फरियादियों द्वारा दिए गए मांग पत्रों पर क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि ज्यादातर फरियादियों की समस्याओं का निराकरण कर दिया गया है किंतु जिन मांगों पर चुनावी आचार संहिता का प्रभाव पड़ा है उन समस्याओं के निराकरण हेतु चुनावी आचार संहिता समाप्त होने पर त्वरित गति से कार्यवाही की जाएगी। विधायक चले राज बेहड़ के जनता दरबार में निवर्तमान अध्यक्ष दर्शन कुमार कोली महिला कांग्रेस नेत्री सुनीता कश्यप हिंदी डिफेंस एकेडमी की खोज अरमान महिला नीति सुधा जोशी वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता ओमप्रकाश पप्पू खान विनोद पेंट दानिश सभासद छोटू कोली राजेश प्रताप जगदीप सिंह नीरज बजाज धर्मेंद्र गंगवार सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया अरविंद पाण्डे का जन्म दिन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पाण्डे का जन्म दिन रम्पुरा में धूमधाम से मनाया गया। कोतवाली के सामने कबीर आश्रम पर अखिल भारतीय युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली के नेतृत्व में हवन यज्ञ कर अरविंद पाण्डे के दीर्घायु हेतु आहुतियां दी गई और मिष्ठान वितरण भी किया गया।इस मौके पर कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली ने कहा कि अरविंद पांडेय गरीबों की आवाज है उन्होंने हमेशा गरीबों को सम्मान दिलाने के लिए उनके हक दिलाने का काम किया है और पांडेय के शिक्षा मंत्री रहते हुए प्रदेश में एनसीईआरटी लागू कर किताबों को सस्ता किया जिससे गरीब तबके के लोगों को राहत मिली। हिम्मतराम कोली ने कहा कि विधायक पाण्डे ने युवाओं के खेल स्टेडियम, महिलाओ को राज्य पंचायत में आरक्षण जैसे अनेकों उपलब्धियां उनके नाम है। इस मौके पर भाजयुमो नेता दर्शन कोली,अजय सिंह,घनश्याम कोली, परमानंद आर्य, दिनेश कोली,कुँवरपाल कोली, सुरेन्द्र कोली,हरीश कोली,आशू त्रिवेदी, डॉ0 त्रिलोक कोली,संजीव कोली, सोनू कोली,त्रिलोक कोली,पवन कोली, अजय कोली,ऋतिक कोली, रामचरन कोली,खेमकरण कोली, राजू कोली, नरेंद्र कोली,हरीश कोली, सत्यवीर कोली, विक्की कोली,माया देवी,जया देवी,सरोज देवी,संतोष देवी ,रुक्मणी देवी,कमला देवी,बबली,मीना देवी, अंजलि,राजकुमारी ,सरस्वती, राजवती, रामदेई जमुना देवी,शकुंतला देवी, नीतू सहित अनेक लोग उपस्थित थे।




# युवाओं ने ली भाईचारा एकता मंच की सदस्यता

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। योगी सेना के दर्जनों युवाओं ने भाईचारा एकता मंच के कार्यालय पहुंचकर भाईचारा एकता मंच की सदस्यता ली। संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने सभी युवाओं को भाईचारा एकता मंच की सदस्यता दिलाते हुए उन्हें आश्वासन दिया कि संगठन पूरी तरह उनके सुख दुख में साथ रहेगा तथा आगामी नगर निगम चुनाव में गरीबों का उत्पीड़न करने वालों को जवाब दिया जाएगा। रुद्रपुर की बस्तियों में निवासरत सभी गरीब, कमजोर लोगों के हितों की रक्षा के लिए भाईचारा एकता मंच निरंतर प्रयासरत रहा है और आगे भी रहेगा। यहां के जनप्रतिनिधियों द्वारा बस्तियों की जो उपेक्षा की गई है तथा गरीबों को शासन प्रशासन व अन्य लोगों द्वारा प्रताड़ित किया गया है उसका जवाब देने के लिए भाईचारा एकता मंच को मजबूत करने की आवश्यकता है।युवाओं की ताकत के साथ भाईचारा एकता मंच अब और अधिक मजबूती से बस्तियों की आवाज उठाएगा। योगी सेना के राजेश सक्सेना, आदेश गंगवार,सोनू,नीरज कुमार, राजा बाबू, प्रदीप कुमार सक्सेना, विक्की सक्सेना, बबलू सिंह, नितिन कुमार आदि के भाईचारा एकता मंच के कार्यालय पहुंचे योगी सेना के दर्जनों युवाओं को संगठन की सदस्यता दिलाते हुएउक्त बिचार भाईचारा एकता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष केपी गंगवार ने कहे।इस अवसर पर साथ दर्जनों युवाओं ने भाईचारा एकता मंच की सदस्यता ली इस मौके पर संगठन के कोषाध्यक्ष स्वामी आधार श्रीवास्तव प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राधा कृष्ण भी मौजूद रहे।



# रानीखेत के जंगलों में भड़की आग

रानीखेत। जंगलों में आग लगने की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। रानीखेत में जंगल की आग सेना के अस्पताल के पास पहुंच गई। जंगल से उठने वाला धुआं अस्पताल के सभी कक्षों में भर गया, इससे मरीज और चिकित्सा कर्मी बेहाल रहे। उधर, बग्वालीपोखर में जंगल की आग जीआईसी तक पहुंच गई। विद्यालय की सुरक्षा को देखते हुए छुट्टी के बाद घर जा रहे शिक्षक और बड़ी कक्षाओं के विद्यार्थी रास्ते से लौटे लेकिन विद्यालय में लंबे समय से जलापूर्ति ठप होने से उन्हें आग बुझाने के लिए पानी तक नहीं मिला। किसी तरह उन्होंने अपना जीवन खतरे में डालकर आग बुझाई। रानीखेत में शनिवार देर शाम सेना के अस्पताल के पास जंगल में आग लग गई। कुछ देर बाद ही जंगल की आग अस्पताल के करीब पहुंच गई, इससे मरीजों और चिकित्सा कर्मियों में भय का माहौल रहा। अस्पताल परिसर और कक्षों में धुआं फैलने से सभी परेशान रहे। सूचना के बाद फायर कर्मियों की टीम मौके पर पहुंची और सेना के जवानों के साथ मोर्चा संभाला। कुछ देर में ही दमकल वाहन में पानी खत्म हो गया लेकिन आग नहीं बुझ सकी। सेना के वाहनों से पानी मंगाकर फायर कर्मियों और जवानों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।वहीं गोल्फ ग्राउंड के पास जंगल में फिर से आग भड़क गई जो रानीखेत–अल्मोड़ा हाईवे के करीब पहुंच गई। जंगलों से उठने वाला धुआं हाईवे पर फैल गया, इससे जाम लग गया। वाहनों और यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए हाईवे पर आवाजाही रोकनी पड़ी। यात्रियों और वाहन चालकों को धुआं छटने का इंतजार करना पड़ा। एक घंटे बाद आवाजाही शुरू हुई और यात्री, वाहन चालक गंतव्य को रवाना हो सके। अग्निशमन अधिकारी वंश नारायण यादव ने कहा कि दोनों जगह टीम भेजकर आग बुझाई गई। रविवार देर शाम रानीखेत के वलना में सेना के फायरिंग रेंज के पास जंगल में आग लग गई। सूचना के बाद फायर सर्विस की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया, इससे आग पूरे जंगल में फैलने से बच गई। वहीं, लमगड़ा के जसकोट में जंगल की आग बीएसएल टॉवर और आसपास बने घरों के पास पहुंच गई। ऐसे में ग्रामीण दहशत में रहे। सूचना के बाद फायर सर्विस और वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेश चंद्रा ने कहा कि टीम तत्परता से जंगलों की आग को बुझा रही है। गरमपानी में कनवाड़ी की पहाड़ी में जंगल की आग धधकी रही।

# बंगाली संस्कृति की अलग पहचान: दीपान्विता

## सात वर्षों से फिल्म इंडस्ट्री में कार्य कर रही हैं मॉडल अभिनेत्री दीपान्विता



रुद्रपुर(उद संवाददाता)।किसी भी फील्ड में सफलता के लिए संघर्ष जरूरी है और संघर्ष के बाद जो लक्ष्य की प्राप्ति होती है उसका आनंद ही कुछ और है सपने तो सभी देखते हैं लेकिन सपने उन्हीं के सच होते हैं जो उन्हें हकीकत में बदलना जानते हैं और उसके लिए कठिन परिश्रम करना जरूरी है ऐसा ही एक संघर्षरत अभिनेत्री मॉडल का नाम है दीपान्विता दास दत्ता मूल रूप से कोलकाता की रहने वाली उभरती हुई अभिनेत्री व मॉडल दीपान्विता विगत सात वर्षों से फिल्म इंडस्ट्री में कार्य कर रही है। मॉडल ,एक्ट्रेस, डांसर दीपान्विता पिछले दिनों एक अवार्ड कार्यक्रम में भाग लेने के लिए दिल्ली आई हुई थी।उन्होंने बताया कि जब वह कॉलेज में कक्षा12 में पढ़ाई कर रही थी तभी मंच पर आने का अवसर मिला बस वही से उन्हें इसका जुनून चढ़ने लगा फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा दीपान्विता ने बताया कि मैंने इसे कैरियर के तौर पर चुनने का निर्णय लिया अब तक दर्जनों ब्यूटी पेजेंट ,सॉन्ग, व बंगाली तथा हिंदी मूवी में वह काम कर चुकी हैं। दीपान्विता के अनुसार 2019 में मिस ब्यूटी क्वीन कांटेस्ट जो कि कोलकाता में हुआ था उसकी विजेता रही। हिंदी गाने भी किये। उन्होंने बताया कि परिवार का उन्हें भरपूर सहयोग मिला कभी किसी ने मुझे रोका टोका नही सभी ने उन्हें कैरियर बनाने में मदद की। दीपान्विता ने बताया कि 2021 में मिसेज बेस्ट कैटवॉक,2023 में मिसेज वेस्ट बंगाल, का खिताब जीता।इसके अलावा ब्रांड शूट, ज्वेलरी शूट, किये बेस्ट शो स्टॉपर भी रही। अभिनेता राजेश महाजन के साथ वेबसिरिज मे भी काम कर रही हैं। फिल्म जगत से इनको बचपन से ही लगाव था स्कूल कालेज के मंचों पर भी इन्होंने नृत्य प्रतिभा का प्रदर्शन किया इसके अलावा भी अनेकों सांस्कृतिक मंच पर इनको इंटरटेनमेंट के लिए सम्मानित किया गया कालेज के बाद उन्होंने कई सौंदर्य प्रतियोगिताओं फैशन शोज में काम किया म्यूजिक एल्बम में भी अभिनय के जौहर दिखाए हैं। समाज सेवा का शौक भी इन्हें युवावस्था से ही है कई सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर गरीबों की आर्थिक सहायता स्वास्थ्य सेवा बुजुर्गों की मदद में भी यह हमेशा आगे रहती हैं जरूरतमंदों को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई है । बताया कि उन्होंने बंगाल की फिल्म इंडस्ट्री में जितना भी समय लगा है उसका उनको फल मिला है लेकिन अब उनकी इच्छा है कि वह देश नाम भी रोशन करें इसके लिए उन्होंने प्रारंभिक प्रयास शुरू कर दी हैं।

# सिटी मजिस्ट्रेट ने जाना घायल पर्यटकों का हाल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्यटकों का टेंपो ट्रेवल पलटने के बाद गंभीर रूप से घायलों का इलाज किया जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेई ने निजी अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना और अस्पताल प्रशासन से प्राथमिकता के आधार पर सभी घायल पर्यटकों के उपचार किए जाने के निर्देश दिए गए। नैनीताल कालाढूंगी रोड प्रिया बैंड के पास कालाढूंगी से लगभग चार किलोमीटर पहले एक टेंपो ट्रैवलर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से ऊसमें सवार 9 लोगों



को चोटें आई हैं। इसमें तीन लोग को गंभीर चोट हैं। शेष मामूली रूप से घायल हैं। सभी का इलाज निजी हॉस्पिटल में चल रहा है। घायलों को 108 द्वारा यहां पहुंचाया गया। सभी घायल करोलबाग और मोती नगर दिल्ली के रहने वाले हैं। ये लोग शुक्रवार के दिन पंगूठ नैनीताल गए थे और आज वापसी के समय दुर्घटना हुई। उनके द्वारा बताया गया कि टेंपो ट्रैवलर की गति तेज होने और सामने से दूसरा वाहन आने पर ब्रेक लगाने के कारण टेंपो ट्रेवलर पलट गया था।

# समय पर उपचार होने से ठीक हो सकता हैं केंसर रोग: डा. शलभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी में कैंसर से ठीक हो चुके लोगों और कैंसर से सम्बन्धित जागरुकता फैलाने के लिए कैंसर सर्वाइवर मीट एंड अवेयरनेस प्रोग्राम मनाया गया। हॉस्पिटल के कैंसर लोगों की मौत हो जाती है। दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। यही वजह है कि इसे लेकर लोगों को जागरूक करने के मकसद से यह कार्यक्रम अस्पताल द्वारा आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च वर्ग के व्यक्ति तक ही सिमित नहीं, बल्कि अब हर वर्ग का व्यक्ति आयुष्मान कार्ड और अन्य स्कीमों द्वारा उचित ईलाज पा सकता है। डॉ. रूपेश सक्सेना (यूनिट हैड, उजाला सिग्नस हल्द्वानी) ने हॉस्पिटल में कैंसर विभाग की स्थापना ा से लाभान्वित हुए हैं। कैंसर के ईलाज की सुविधा अभी कुमाऊँ में सिर्फ उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल हल्द्वानी में उपलब्ध है। कार्यक्रम में उपस्थित उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल के वरिष्ठ लप्रोस्कोपिक,




स्पेशलिस्ट डॉ. शलभ अरोड़ा ने बताया कि कैसे आरंभिक लक्षणों को पहचान कर ईलाज समय से शुरू किया जाए, तो कैंसर को जल्दी ही जड़ से खत्म किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। जिसके कारण हर साल लाखों अस्पताल में कीमोथेरेपी, इम्म्यूनो थेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी द्वारा मरीजों का ईलाज किया जाता है। अब तक करीब 5000 से अधिक मरीज अस्पताल के द्वारा किये ईलाज से लाभान्वित हुए हैं। डॉ. रजनीश सेखसरिया (मेडिकल डायरेक्टर, उजाला सिग्नस हल्द्वानी) ने कहा कि कैंसर का ईलाज आज सिर्फ के पीछे की सोच साँझा करते हुए कहा कि 2022 में कुमाऊँ में कैंसर के ईलाज के अभाव को देखते हुवे उजाला सिग्नस सेंट्रल हॉस्पिटल, हल्द्वानी ने कैंसर विभाग की स्थापना की। मनसा यह थी कि यहाँ के लोगों को ईलाज के लिए प्रदेश से बाहर ना भटकना पड़े। आज पहाड़ के लोग बड़ी संख्या में इस सुविध जनरल और लेजर सर्जन डॉ. संजय जुयाल, वरिष्ठ इंटरवेंशनल नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. एचएस भंडारी, अस्पतालों के सभी चिकित्सक, हल्द्वानी शहर के एनजीओ के प्रतिनिधि, कैंसर फाइटर्स जिन्होंने कैंसर से सफलतापूर्वक लड़कर जीत हासिल की और वो लोग जिनका कैंसर विभाग में ईलाज चल रहा है उपस्तिथ थे।

# सट्टे की खाई बाड़ी करते पांच गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बनभूलपुरा थाना पुलिस ने गश्त के दौरान सट्टे की खाईबाड़ी करते पांच व्यक्तियों को हजारों की नगदी, सट्टा पर्ची आदि सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा गश्त के दौरान 5 व्यक्तियों को सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता राजू पुत्र मौ. ताहिर निवासी लाइन नंबर 17, बनभूलपुरा, श्रीनाथ पुत्र श्यामा यादव निवासी जवाहरनगर, बनभूलपुरा, नीरज पुत्र मुन्ना लाल निवासी वार्ड 15, जवाहरनगर, बनभूलपुरा, बण्टी पुत्र हेतराम निवासी उत्तर गौजाजाली आवला चौकी, बनभूलपुरा तथा बसन्त राम पुत्र राजा राम निवासी आवला चौकी, तल्ला, हल्द्वानी बताया।



तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 4560 रुपए नगद, सट्टा पर्ची, पेन, गत्ता आदि सामान बरामद हुआ। पुलिस ने सारा सामान कब्जे में लेकर पांचों सट्टेबाजों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस टीम में हेका हरिकृण्ण मिश्रा, कानि. भूपेन्द्र जेष्ठा, मुनेन्द्र कुमार, सुनील कुमार, हरीश रावत व मो.अतहर शामिल थे।

# पत्नी की ना पर पति ने ससुराल में खुद को आग में झोका

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। तीनपानी क्षेत्र में पत्नी को लेने ससुराल आए टीपीनगर क्षेत्र निवासी युवक ने पत्नी के घर चलने से मना करने पर पेट्रोल डालकर खुद को आग लगा ली। ससुरालियों ने किसी तरह आग बुझाकर युवक को एसटीएच में भर्ती कराया है। करीब 50 झुलसे युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जाता है कि करीब छह दिन पूर्व घरेलू विवाद के बाद उसकी पत्नी मायके आ गई थी जिसको लेने युवक ससुराल आया था। जानकारी के अनुसार टीपीनगर नीलांचल कॉलोनी फेज नंबर दो निवासी विशाल मौर्य का विवाह चार महीने पहले तीनपानी निवासी युवती से हुई थी। छह दिन पहले विशाल ने मां के बीमार होने पर पत्नी से कुछ बनाने को कह दिया। इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। एसटीएच में भर्ती विशाल मौर्य ने बताया इसके बाद उसकी पत्नी अपने भाई के साथ मायके चली गई। पिछले तीन दिन से वह पत्नी को लाने के लिए ससुराल के चक्कर काट रहा था। शनिवार को भी वह पत्नी को बुलाने गया था। लेकिन पत्नी ने उसके साथ वापस चलने से इनकार कर दिया। आरोप है कि उसके साले ने उसके साथ मारपीट कर दी। तब हताश होकर उसने अपनी बाइक से पेट्रोल निकाला और अपने ऊपर छिड़ककर आग लगा ली। वहीं विशाल के पिता का आरोप है कि उसके बेटे से तलाक की मांग की जा रही थी। घटना दोपहर की थी, लेकिन ससुराल वालों ने इसकी सूचना उन्हें शनिवार की देर शाम दी। कोतवाल उमेश कुमार मलिक ने बताया कि युवक ने अपने ऊपर खुद आग लगाई है। घायल युवक व उसकी पत्नी के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। उसका शरीर करीब 45-50 प्रतिशत शरीर झुलस चुका है। मामले की जांच की जा रही है।

# गुलदार व उसके शावकों का जल्द हो रेस्क्यू : नीरज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नीरज तिवारी प्रवक्ता कांग्रेस ने बताया श्री चारधाम मंदिर फतेहपुर के पीछे गुजरौड़ा ग्राम सभा व जयपुर पाडली ग्राम सभात के मध्य जाने वाले मार्ग में पुलिया के नीचे सुबह ग्रामीणों द्वारा गुलदार के दो बच्चों को देखा गया। वन विभाग सूचना मिलते ही मौके पर मुस्तैद है। कुछ देर बाद ही गुलदार के बच्चों की माँ आक्रोशित अंदाज में बच्चों की सुरक्षा में नजर आ रही है। नीरज ने कहा किसी भी प्रकार की कोई भी जनहानि नहीं होनी चाहिए। क्षेत्र में बाघ व गुलदार द्वारा पूर्व में कई लोगों अपना निवाला बनाया जा चुका है। उसकी पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। वन विभाग जल्द ही गुलदार को उसके शावकों सहित रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर पहुँचाए।

# अल्ली खां व ढेला किनारे अवैध कालोनियों का मकड़जाल

## सरकार के राजस्व को लग रहा करोड़ों का चूना

-मनोज श्रीवास्तव-

काशीपुर। जिला प्रशासन की लाख कोशिशों के बावजूद काशीपुर कुंडा तथा आईटीआई थाना क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों का मकड़जाल थमने का नाम नहीं ले रहा है। हालांकि जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण के वाइस चांसलर अभिषेक रुहेला भूमाफियाओं के गैर कानूनी कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है लेकिन इसके बावजूद माफियाओं की कारस्तानी यहां प्रशासन के लिए चुनौती बनी है। मोहल्ला अल्ली खां में कर्बला के सामने निर्माणधीन बॉटलिंग प्लांट के समीप गैबिया नाले के नजदीक एक बड़े भूभाग पर प्लॉटिंग कर बेचने का काम किया जा रहा है। यहां भूमाफिया ने सरकारी नाले के बड़े हिस्से पर भी अतिक्रमण कर लिया। बताया जा रहा है कि इस भूमि की 143 नहीं हुई है और



ना ही कोई नक्शा पास कराया गया है। इसी तरह कर्बला बस्ती में मोबाइल टावर के समीप कुछ भूमाफियाओं ने घनी आबादी के बीच कॉलोनी काट दिया। बताया जा रहा है कि इस जमीन की भी 143 नहीं कराई गई है और ना ही विकास प्राधिकरण से किसी प्रकार का कोई नक्शा पास है। ऐसे ही बड़े गुरुद्वारे के पीछे ईदगाह के आसपास भूमाफियाओं का जाल फैला हुआ है। ढेला नदी के किनारे प्रतिबंधित क्षेत्र में अवैध कालोनियों का जाल फैलता जा रहा है। ईदगाह के आसपास एक भूमाफिया ने रिसोर्ट बनाना शुरू कर दिया। यहां बता दें कि प्रतिवर्ष बरसात के दिनों में ढेला नदी भारी कहर बरपाती है। प्रतिवर्ष ढेला नदी के बहाव में कई मकान जमींदोज हो जाते हैं। ऐसे में यदि निर्माणाधीन रिजॉर्ट ढेला की जद में आया तो सामूहिक मौतों की बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकेगा। इसी तरह ढेला नदी पर तैयार नए पुल को जैसे ही काशीपुर से कुंडा की ओर पार करेंगे दूसरी ओर भी ढेला नदी पर अवैध कब्जा कर भूमाफियाओं द्वारा प्लाटिंग करने का काम किया जा रहा है। इसी तरह कुंडा एवं आईटीआई थाना क्षेत्र में भी दर्जनों स्थानों पर प्रशासन की आंख में धूल झोंक कर भूमिया लगातार अवैध कॉलोनी को काटने तथा उसकी बिक्री में लिप्त देखे जा रहे हैं।

### देख कर अनदेखा कर रहा है प्रशासन

काशीपुर। ढेला नदी में गुलडिया गंगापुर से लेकर ईदगाह से होते हुए मानपुर तक कई स्थानों पर चोरी छिपे मिट्टी खनन के साथ ही भूमाफियाओं द्वारा अवैध कालोनिया काटी जा रही है लेकिन जिला प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासन सब कुछ देखकर भी इसे अनदेखा कर रहा है। दूसरी और राजस्व के अधिकारी भी अवैध कॉलोनीयों के मामले को बहुत गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। ऐसे में भूमाफियाओं पर नकल कैसे कसा जा सकेगा यह यक्ष प्रश्न है।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। सिंह कालोनी वार्ड नं 33 में निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान की अध्यक्ष ने सभी टॉपर्स को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आगे भी कड़ी मेहनत और चुनौतियों का सामना करने की सीख मेहनत करें। उन्होंने कह कि सम्मानित होने वाले मेधावी दूसरों के लिए प्रेरणादायी हैं। इनसे प्रभावित होकर अन्य विद्यार्थी भी सफलता के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं। यदि आप जीवन में सफल होना चाहते हैं तो समय प्रबंधन कौशल सीखें। सफलता आपके लक्ष्यों तक पहुंचने के प्रयासों का प्रत्यक्ष परिणाम है। आप सतत प्रयास अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से ही सफलता प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि आपका संकल्प मजबूत है तो कोई भी बाधा वानिया चौहान, जानवी पाटिल, लविशा चौहान, मान्या सती, शौर्य चौहान, माही चौहान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ने वर्तमान





ओर से आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्तराखण्ड बोर्ड 10वीं और 12वीं परीक्षा में वार्ड में निवासरत विभिन्न विद्यालयों के मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। सम्मान समारोह में मेयर रामपाल सिंह एवं भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश दी। उन्होंने कहा कि चुनौतियों सामना करने से ही व्यत्तिफत्व मजबूत होता है। कठिन परिश्रम से ही सफलता मिलती है। लगन और मेहनत की बदौलत परीक्षार्थी टॉपर्स की सूची में जगह बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी भविष्य में भी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ईमानदारी से उन्होंने मेधावियों से जीवन में कभी भी शॉर्टकट न अपनाने की अपील की। कहा कि जीवन में सफल होने के लिए, आपको लक्ष्य निर्धारित करने और उसके प्रति दृढ़ संकल्प के साथ काम करने की आवश्यकता है। सफलता के लिए अपने समय का प्रबंधन करना जरूरी है इसलिए करते रहें तो सफलता अवश्य मिलती है। मेयर ने कहा मेधावियों को सम्मानित करने का मुख्य उद्देश्य परीक्षा के प्रति अन्य छात्र-छात्रओं को प्रोत्साहित करना है। जिससे वे भी बेहतर प्रदर्शन कर स्वयं, परिवार व जिले का नाम रोशन करें। भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश आपको लक्ष्य हासिल करने से रोक नहीं सकती। उन्होंने टॉपर्स को बधाई देते हुए कहा कि टॉपर्स भविष्य में क्या बनना है इसके लिए अभी से लक्ष्य तय करें और उस पर पूरा फोकस करते हुए अभी से तैयारी में जुट जायें। सम्मान समारोह में इस अवसर पर खुशी गाबा, नैंसी चहल, पार्षद सुशील चौहान, अजय चौहान, सत्येंद्र शर्मा, संजय कुमार, हरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र राणा, राम अवतार दिवाकर, उषा चौहान, अंजू चौहान, विमला देवी, गीता देवी, अनीता चौहान, प्रवेश कुमारी, प्रीति चौहान, भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ जिला संयोजक हरीश चौधरी उपस्थित रहे ।।

# नशे के इंजेक्शनों के साथ दो गिरफ्तार

हल्द्वानी ( उद संवाददाता ) ।एएनटीएफ नैनीताल और हल्द्वानी पुलिस की टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 2 तस्करों को नशे के इंजेक्शनों के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे



नशा विरोधी अभियान के तहत जिला एएनटीएफ एवं कोतवाली हल्द्वानी की टीम ने मंडी चौकी क्षेत्र में हौंडा शोरुम से बाईपास रोड पर माजिद अली पुत्र युनुस शाह निवासी उत्तर उजाला वार्ड नंबर 29 वनभुलपुरा, फिरोज अहमद पुत्र जहीर अहमद निवासी मोहम्मदी चौक इंद्रानगर वनभुलपुरा को नशे के 20 इंजेक्शनों साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वे नशे के आदी हैं और नशे के इंजेक्शन लगाते हैं और अपने नशे की लत को पूरा करने के लिए इन इंजेक्शनों को बेचते भी है। टीम में उपनिरीक्षक श्याम सिंह राणा, हेड कांस्टेबल राजेन्द्र वर्मा, कांस्टेबल अरविन्द सिंह कार्की , कांस्टेबल राजेंद्र जोशी, नवीन कुमार आदि शामिल थे।

# इंटर स्कूल जेसीज प्रीमियर लीग का का हुआ शुभारम्भ

रूद्रपुर ( उद संवाददाता ) ।जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर में इंटर स्कूल जेसीज प्रीमियर लीग का आयोजन किया गया है । इस प्रतियोगिता में उधमसिंहनगर क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव नूर आलम तथा विद्यालय के महासचिव सुरजीत सिंह ग्रोवर ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया तथा शुभकामनाएं आधार पर खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के पहले दिन दो मैच खेले गए। पहला मैच सेंट पीटर सीनियर सेकेंडरी स्कूल किच्छा तथा होली कृष्णा स्कूल कोलंबस पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के बीच खेला गया सेंट थेरेसा स्कूल की टीम ने 93 रन बनाए। कोलंबस पब्लिक स्कूल की टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो




एवं नैनीताल जनपद के लगभग 23 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि जिला खेल अधिकारी जानकी कार्की तथा विशिष्ट अतिथि उधमसिंहनगर प्रदान की। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने समस्त अतिथियों गणमान्य व्यक्तियों सभी खिलाड़ियों तथा उनके प्रशिक्षकों का स्वागत किया। इस प्रीमियर लीग के सभी मैच नॉक आउट प्रतियोगिता के दिनेशपुर के मध्य खेला गया जिसमें सेंट पीटर 29 रन बनाकर ऑल आउट हो गए और होली कृष्णा ने सात विकेट से मैच जीत लिया। दूसरा मैच सेंट थेरेसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी तथा गई। सेंट थेरेसा स्कूल की टीम ने 12 रनों से मैच जीत लिया। इइस प्रतियोगिता में दिल्ली पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के प्रधानाचार्य समस्त शिक्षक, प्रशिक्षक एवं क्रीड़ा अधिकारी उपस्थित थे।

# नेशनल टारगेटबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम का चयन

दिनेशपुर ( उद संवाददाता )। उत्तराखंड टारगेटबॉल एसोसिएशन के तत्वाधान में एम के विद्यापीठ स्कूल सुन्दरपुर में आगामी 11वीं सीनियर नेशनल टारगेटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखंड राज्य की टारगेटबॉल (पुरुष वर्ग) की टीम के कैम्प हेतु कुल 18 खिलाडियों का चयन किया गया। एम के विद्यापीठ स्कूल सुन्दरपुर में



इन सभी चयनित खिलाड़ियों का 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर लगाया जाएगा जिसमें सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कुल 12 खिलाड़ी 12 जून से 15 जून तक अलवर, राजस्थान में आयोजित होने वाली 11 वीं टारगेटबॉल सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप में उत्तराखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस चयन प्रक्रिया के दौरान उत्तराखंड टारगेटबॉल संघ के संरक्षक अरविंद प्रकाश दूबे, एम के विद्यापीठ सुन्दरपुर की प्रबंधन समिति से तपन कुमार मण्डल, गोविंद मण्डल, प्रधानाचार्य अंकित कुमार मण्डल, चयन समिति के सदस्य रमेश राठौर, दीपक पाण्डेय, अनुज कुमार राठौर, प्रशिक्षक पंकज प्रजापति, नवल कन्याल, उपेन्द्र मंडल, जोगेश एवं प्रदेश के हल्द्वानी, नैनीताल, खटीमा, हल्दूचौड, रुद्रपुर, सितारगंज, दिनेशपुर, जसपुर समेत विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों समेत ग्रामसभा वरीराई से प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र सिंह सैनी, उप प्रधान सुब्रत बाछाड़, वार्ड मेम्बर सुरंजन सरकार, पंकज सरदार,प्रणव मंडल, देवव्रत मंडल समेत अनेकों स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# रघु रावत बने उत्तराखंड हैंडबॉल एसो. के ज्वाइंट सेक्रेटरी

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। रविवार को एक होटल में उत्तराखंड हैंडबॉल एसोसिएशन के गठन और खेल विस्तार से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए हैंडबाल कोच रघु रावत ने बताया कि एसोसिएशन के चुनाव के लिए पर्यवेक्षक के रूप में भारतीय हैंडबॉल संघ के सचिव प्रितपाल सलूजा और चंडीगढ़ हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र सिंह उपस्थित रहे। बैठक के दौरान चुनाव अधिकारी एडवोकेट एस के यादव की देखरेख में संगठन की नई कार्यकारिणी का गठन चुनाव के माध्यम से किया गया। जिसमें देहरादून के शक्ति सिंह को



चेयरमैन, हरिद्वार के स्वामी यतीश्वरानंद को अध्यक्ष, देहरादून के रमाशंकर शर्मा को सेक्रेटरी, वऊधम सिंह नगर के रघु रावत को ज्वाइंट सेक्रेटरी चुने गए। कोच रावत ने कहा कि हम प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ियों की तलाश करेंगे और उन्हें विशेषज्ञ प्रशिक्षकों के तहत प्रशिक्षित होने में मदद करेंगे। इस उपलब्धि पर डीएसओ जानकी कार्की, डॉ नागेंद्र शर्मा, रघुवीर सिंह विर्क, हरीश रावत, मोहित रावत, सुरेश बिष्ट, मनोज कुमार, जिला जुजित्सू संघ के महासचिव ऋषि पाल भारती, दीप कुमार पंत, जगदीश, लक्ष्मण सिंह, कमल सिंह, सतनाम बाला, कैलाश कुमार, धीरज जोशी, सतनाम सिंह, योगेश कुमार, अर्चना यादव, विपुल हलदार सहित अनेकों खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# लघु व्यापारियों ने विधायक शिव को बताई समस्याएं

रूद्रपुर। लघु व्यापार संगठन का प्रतिनिधि मंडल लघु व्यापार संगठन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में विधायक माननीय शिव अरोरा से मिला और उन्हें रेहडी पटरी पर कारोबार करने वाले लघु व्यापारियों के समक्ष आ रही समस्या के बारे में अवगत कराया। संगठन के नगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय सरस मेला के दौरान गांधी पार्क से हटाए गए खान-पान के रेहडी पटरी वालों को अभी तक वेंडिंग जोन में स्थान न मिलने से दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम प्रशासन ने शीघ्र व्यवस्थित करने की बात कही थी। जब तक वेंडिंग जोन नहीं बन जाता तब तक के लिए अस्थाई व्यवस्था गांधी पार्क के सामने अंबेडकर पार्क एवं धीर पार्क मैं कारोबार करने की व्यवस्था की थी। अंबेडकर



पार्क एवं धीर पार्क चारों ओर से बंद होने के कारण रेहडी पटरी वालों का कारोबार नहीं चल पा रहा है। जिससे रोजी-रोटी का संकट गहराने लगा है। उन्होंने कहा कि वेंडिंग जोन में गरीब रेहडी पटरी वालों के लिए रेहडी नुमा स्थान बना कर दिया जा रहा है जिसमें खान-पान का सही ढंग से सामान भी नहीं आ सकेगा। ऐसे में वह कैसे अपना जीवन यापन करेगा। जबकि वेंडिंग जोन के असली हकदार वह लोग हैं जो नगर निगम में पंजीकृत एवं प्रमाण पत्र नगर निगम ने रेडी पटरी वालों का सर्वे करके आवंटित किए गए थे। अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने ज्ञापन के माध्यम से उपनगर आयुक्त से 8 बाई 10 साइज का खोखा बनाकर दिए जाने की मांग की है जिससे खान-पान की खाद्य सामग्री रख सके एवं अपना कारोबार ढंग तरीके से कर सके। इसी संबंध को लेकर विधायक अरोरा को भी अवगत कराया। उन्होंने कहा कि जब तक वेंडिंग जोन नहीं बन जाता है तब तक के लिए पुराने स्थान गांधी पार्क में ही रेहडी पटरी वालों को लगाने की अनुमति जाए। जिसको लेकर विधायक ने आश्वासन दिया शीघ्र समाधान किया जाएगा किसी भी रेहडी पटरी वाले का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में सुभाष गुप्ता, आकाश पाल, आकाश पाल सुभाष रस्तोगी, प्रहलाद सिंह, अशोक रस्तोगी आदि थे।

# निशुल्क दंत परीक्षण शिविर आयोजित

गदरपुर। अरोरा डेंटल क्लिनिक के सौजन्य से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में एक निशुल्क दंत परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर लगाया गया जिसमें 100 से अधिक बच्चों द्वारा अपने दांतों का परीक्षण करवा कर लाभ प्राप्त किया । अरोड़ा डेंटल क्लीनिक के चिकित्सक डॉक्टर विनीत अरोड़ा ने बताया कि स्कूल में लगाए



गए निशुल्क दंत परीक्षण एवं चिकित्सा परामर्श शिविर में 100 से अधिक बच्चों का दंत परीक्षण किया गया उन्होंने बताया कि बच्चों को दांतों की सफाई एवं सुरक्षा कैसे करें पर विभिन्न सुझाव दिए गए। इस मौके पर उनके द्वारा परीक्षण के अलावा कुछ औषधियां भी निशुल्क बांटी गई। इस मौके पर स्टाफ और बच्चे मौजूद रहे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मनीलॉड्रिंग और गिरफ्तारी का दायरा

सर्वोच्च न्यायालय ने एक बार फिर प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी को कड़ी नसीहत दी है। उसने व्यवस्था दी है कि अगर धनशोधन के मामले में किसी व्यक्ति के खिलाफ विशेष अदालत ने संज्ञान लिया है, तो ईडी उसे गिरफ्तार नहीं कर सकती। अगर आरोपी अदालत के बुलाने पर हाजिर होता है, तो उसे हिरासत में लेने के लिए ईडी को अदालत में आवेदन करना होगा और फिर न्यायालय बहुत जरूरी होने पर ही उसे हिरासत में भेजने का फैसला कर सकता है।धनशोधन निवारण अधिनियम की धारा 19 के तहत उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। यह फैसला एक तरह से ईडी की उसकी सीमा बताने वाला है। इसी धारा के तहत ईडी किसी आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। अदालत ने स्पष्ट कहा है कि इस धारा के तहत गिरफ्तारी के बाद किसी आरोपी को जमानत देना मुश्किल हो जाता है। हालांकि एक वर्ष पहले भी सर्वोच्च न्यायालय ने ईडी को नसीहत दी थी कि धनशोधन मामले में गिरफ्तारियों को लेकर वह अतिरिक्त उत्साह न दिखाए। उसके बाद भी स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी तभी किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करे, जब उसके पास आरोपी के खिलाफ पुख्ता सबूत हों, उसके बारे में वह स्पष्ट उल्लेख करे।दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से धनशोधन मामलों में जिस तरह ईडी सक्रिय नजर आ रहा है और विपक्ष के अनेक नेताओं और उनसे संबंधित लोगों को सलाखों के पीछे डाल चुका है, उसे लेकर लगातार आपत्ति दर्ज कराई जाती रही है। एक वर्ष पहले सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया था कि ईडी भय का माहौल पैदा न करे। उसकी गिरफ्तारियों में राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी असाधारण रूप से अधिक है।मगर उस नसीहत का उस पर कोई असर नहीं हुआ। विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारियां लगातार जारी रहीं। उनमें से कई नेता अब भी जेल में हैं और उन्हें जमानत नहीं मिल पा रही है। माना जाता है कि चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद इस तरह के छापों और गिरफ्तारियों पर विराम लग जानी चाहिए, ताकि राजनेता चुनाव में समान अधिकार से चुनाव मैदान में उतर सकें। मगर इस दौरान भी छापे रुके नहीं हैं।ईडी की इस सक्रियता के विरोध में विपक्षी दलों ने सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई थी, मगर धनशोधन का मामला संवेदनशील होने की वजह से अदालत ने कोई आदेश नहीं दिया था। अब अगर सर्वोच्च न्यायालय इसे लेकर गंभीर और कड़ा रुख अपनाए हुए है, तो ईडी को अपने दायरे का अहसास हो जाना चाहिए।जब भी किसी राजनेता या बड़े अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं, तो ईडी भी पीछे–पीछे वहां पहुंच जाती है और अपने असीमित अधिकारों का इस्तेमाल करती देखी जाती है। धनशोधन के मामले में कड़ी कार्रवाई से इनकार नहीं किया जा सकता। यह देश की सुरक्षा के लिए काफी संवेदनशील मामला है। इसी दृष्टि से धनशोधन निवारण अधिनियम को कड़ा बना गया था। मगर इस कानून को अगर ईडी राजनीतिक विरोधियों को सबक सिखाने के हथियार के रूप में इस्तेमाल करती है, तो इस कानून का प्रभाव संदिग्ध हो जाता है। छिपी बात नहीं है कि पिछले कुछ वर्षों में इस अधिनियम के तहत गिरफ्तारियां तो तेज हुई हैं, पर दोषसिद्धि बहुत कम हुई है। यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि सर्वोच्च न्यायालय की नई व्यवस्था के बाद ईडी गिरफ्तारियों के मामले में पुनर्विचार करेगा।

# चाबहार बंदरगाह पर अमेरिकी आपत्ति

भारत ने ईरान के साथ चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह के संचालन के लिए एक समझौता किया है। 10 वर्षों के लिए हुए इस समझौते पर दोनों देशों के संधि पत्र पर हस्ताक्षर भी हो चुके हैं। हस्ताक्षर के चंद घंटों बाद भी अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने भारत को चेतावनी दे दी। कहा गया कि तेहरान के साथ व्यापार समझौता करने वाले किसी को भी इससे जुड़े प्रतिबंधों के संभावित खतरों का ज्ञान होना चाहिए। यानि संधि करने वाले ऐसे देश को अमेरिकी प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है ? हालांकि पटेल ने यह साफ नहीं किया कि समझौते के बाद अमेरिका भारत पर प्रतिबंध की कोई कार्यवाही करने जा रहा है, लेकिन इतना जरूर कहा कि ईरान पर प्रतिबंध जारी रहेंगे। किंतु इस चेतावनी से जुड़े बयान के साथ ही यह भी कहा कि भारत सरकार अपनी विदेश नीति को अपनाने के लिए स्वतंत्र है। अमेरिका की यह आपत्ति भारत के इंडियन पोर्टस ग्लोबल लिमिटेड और ईरान के बंदरगाह एवं समुद्री संगठन के बीच 13 मई को 10 साल के लिए समझौता हुआ है। भारत के जहाजरानी मंत्री सर्बानंद सोनोबाल ने ईरान पहुंचकर अपने समकक्ष के साथ इस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। 2016 में भी ईरान और भारत के बीच चाबहार बंदरगाह संचालन हेतु समझौता हुआ था। इस नए समझौते को इसी समझौते का नवीनीकरण होना बताया जा रहा है। अमेरिकी आपत्ति की परवाह किए बिना विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि इस समझौते से बंदरगाह में बड़े निवेश का रास्ता खुलेगा। लोगों को इसे लेकर संकीर्ण दृष्टिकोण नहीं रखना चाहिए। जबकि अमेरिका पहले इस बंदरगाह की प्रासंगिकता की सरहाना करता रहा है। इंडिया पोर्ट ग्लाबल लिमिटेड करीब 120 मिलियन डॉलर का निवेश करेगी। भारत सरकार की यह संस्था सागर माला विकास कंपनी की सहायक कंपनी है। कंपनी की वेबसाइट के मुताबिक चाबहार स्थित शाहिद बेहेस्ती बंदरगाह को विकसित करने के लिए ही इस कंपनी को अस्तित्व में लाया गया था। इसका लक्ष्य भूमि से घिरे अफगानिसतान और मध्य–एशियाई देशों के लिए मार्ग तैयार करना है। यह कंपनी कंटेनरों के संचालन से लेकर वेयर हाउसिंग तक का काम करती है। इंडिया पोर्ट ने इस बंदरगाह का संचालन सबसे पहले साल 2018 के अंत में शुरू किया था। तब ईरान के परमाणु कार्यक्रम, मानवाधिकार उल्लंघन और चरमपंथी संगठनों को मदद करने के आरोप में अमेरिका ने ईरान पर तब से अनेक व्यापक असर डालने वाले प्रतिबंध लगाए



हुए हैं। इन प्रतिबंधों के दायरे में ऐसे व्यापार और देश भी शामिल हैं, जो ईरान के साथ मिकर काम कर रहे हैं। भारत की भी कुछ कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए हुए हैं। 1998 में जब पोखरन में भारत ने परमाणु परीक्षण किया था तब भी अमेरिका ने भारत पर प्रतिबंध लगाए थे। हालांकि भारत ने ऐसे प्रतिबंधों की कभी परवाह नहीं की और वह ईरान समेत अनेक देशों से द्विपक्षीय वार्ताएं और समझौते करता रहा है। अमेरिका जो भी सोचे, भारत के लिए यह समझौता एक बड़े व्यापरिक– सामरिक लाभ तो देगा ही चीन और पाकिस्तान के परिप्रेक्ष्य में एक बड़ी कूटनीतिक कामयाबी भी है। अतएव पाकिस्तान और चीन की सभी कूटनीतियों को दरकिनार करते हुए भारत ईरान के रास्ते पहुंचने वाले वैकल्पिक मार्ग, अर्थात चाबहार बंदरगाह के अधूरे काम को पूरा करने के समझौते के नवीनीकरण में सफल हो गया है। भारत सरकार अपने पूंजी निवेश से इस बंदरगाह पर पांच गोदियों का निर्माण कर रहा है, इनमें से दो बनकर तैयार हो गई हैं। इन्हीं में से एक पर भारत ने एक साल पहले गेहूं से भरा जहाज इस बंदरगाह पर भेजा था, जिसकी अगवानी ईरान के राष्ट्रपति हसन रूहानी ने की थी। इसी के साथ इस बंदरगाह का औपचारिक उद्‌घाटन भी संपन्न हो गया था। भारत के लिए यह बंदरगाह आर्थिक, सामरिक एवं रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के पहले चरण को 'शाहिद बेहश्ती पोर्ट' के नाम से जाना जाएगा। वैसे चाबहार का अर्थ चारों ओर बहार अर्थात खुशहाली से है। ईरान के सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत में स्थित इस बंदरगाह की भौगोलिक स्थिति बेहद अहम् है। चाबहार ओमान की खाड़ी में स्थित है। अतएव ये बंदरगाह भारत के लिए मध्य एशिया, यूरोप, रूस और अफगानिस्तान में प्रवेश के लिए एक द्वार माना जाता है। चाबहार के सबसे निकट गुजरात का कंडला बंदरगाह 1016 किमी और मुबंई बंदरगाह की दूरी 1455 किमी है। यहां से महज 140 किमी दूर पाकिस्तान का ग्वादर बंदरगाह है। इसे चीन ने विकसित किया है। यह बहुत पहले से संचालित है। दरअसल पाकिस्तान ने कूटनीतिक चाल चलते हुए अपने क्षेत्र से भारतीय जहाजों को अफगानिस्तान ले जाने से मना कर दिया था। नतीजतन भारत ने वैकल्पिक मार्ग की तलाश की और चाबहार बंदरगाह ईरान के साथ हुए द्विपक्षीय समझौते के बाद अस्तित्व में आया। भारत के लिए यह रास्ता इसलिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि पाक और चीन की मिली–जुली रणनीति के तहत भारत को दक्षिण एशिया में हाशिए पर डालने की कुटिल चाल अपनाई हुई है। चीन ने दक्षिण एशिया में बड़ा पूंजी निवेश करते हुए पाक, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल आदि देशों से मजबूत आर्थिक व सामरिक संबंध बना लिए हैं। इनके जरिए चीन एवं पाक ने भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार को प्रतिबंधित करने की कोशिश की थी, जो अब नाकाम हो गई है। भारत से बंदरगाह बनवाए जाने की बुनियाद 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी और ईरानी राष्ट्रपति सैयद मोहम्मद खातमी ने डाली थी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक पहल के बाद परवान चढ़ रही है। अटल बिहारी वाजपेयी जब प्रधानमंत्री थे, तब 2003 में ईरान के तत्कालीन खातमी दिल्ली आए थे। तभी भारत और ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह को विकसित करने व रेल लाइन बिछाने और कुछ सड़कें डालने के समझौते हो गए थे, लेकिन विवादित परमाणु कार्यक्रम और अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां अनुकूल नहीं होने के कारण भारत इन कार्यक्रमों में रुचि होने के बावजूद कुछ नहीं कर पाया था। इस समय भारत को परमाणु शक्ति के रूप में उभरने व स्थापित होने के लिए अमेरिकी सहयोग व समर्थन की जरूरत थी। भारत राजस्थान के रेगिस्तान में परमाणु परीक्षण के लिए तैयार था। परमाणु परीक्षण अप्रत्यक्ष तौर से परमाणु बम बना लेने की पुष्टि होती है। इसके तत्काल बाद पाकिस्तान और उत्तर कोरिया ने भी परमाणु बम बना लेने की तस्दीक कर दी थी। इसी समय भारत परमाणु निरस्त्रीकरण की कोशिश में लगा था। इस नाते भारत यह कतई नहीं चाहता था कि ईरान परमाणु शक्ति संपन्न देश बन जाए ? गोया, भारत को परमाणु अप्रसार संधि के मुद्दे पर अमेरिकी दबाव में ईरान के खिलाफ दो मर्तबा वोट देने पड़े थे। इन मतदानों के समय केंद्र में मनमोहन सिंह प्रधनमंत्री थे। हालांकि 2012 में तेरहान में आयोजित गुट निरपेक्ष देशों के सम्मेलन में मनमोहन सिंह ईरान गए थे। उन्होंने सम्मेलन के अजेंडे से इतर ईरानी नेताओं से बातचीत भी की थी, लेकिन संवाद की करिश्माई शैली नहीं होने के कारण जड़ता टूट नहीं पाई थी। लिहाजा गतिरोध कायम रहा। दरअसल चीन अपनी पूंजी से ग्वादर बंदरगाह का विकास अपने दूरगामी हितों को ध्यान में रखते हुए किया है। इसके मार्फत एक तो चीन हिंद महासागर तक सीधी पहुंच बनाने को आतुर है, दूसरे खाड़ी के देशों में पकड़ मजबूत करना चाहता है। चीन इसी क्रम में काशगर से लेकर ग्वादर तक 3000 किलोमीटर लंबा आर्थिक गलियारा बनाने में भी लगा है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए चीन पाकिस्तान में 46 लाख अरब डॉलर खर्च कर रहा है। इससे यह आशंका उत्पन्न हुई है कि चीन इस बंदरगाह से भारत की सामरिक गतिविधियों पर खुफिया नजर रखेगा। अलबत्ता अब भारत को ग्वादर के इर्द–गिर्द चीन व पाकिस्तानी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए मचान मिल गया है। भारत के लिए चाबहार के मार्फत अफगानिस्तान समेत मध्य–एशियाई यूरोप और रूस तक आयात–निर्यात की जाने वाली वस्तुओं की पहुंच सुगम होगी। हालांकि ईरान और भारत के बीच हुए इस समझौते के संदर्भ में एक बार फिर अमेरिका का दोहरा रवैया देखने में अया है। अमेरिका दुनियाभर के देशों को ईरान और रूस के साथ व्यापार नहीं करने के लिए धमकी देता रहता है। वहीं अमेरिका खुद दो साल से चल रहे, रूस से यूक्रेन के युद्ध के बावजूद रूस से यूरेनियम खरीद रहा है। हालांकि अब जाकर 13 मई को रूस में उत्पादित न्यूनतम संबधित यूरेनियम के आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए विधेयक पर हस्ताक्षर किए है। इस प्रतिबंध के अर्थ लगाए जा रहे हैं कि अमेरिका रूस पर अमेरिकी नागरिक परमाणु ऊर्जा क्षेत्र की निर्भरता को कम चाहता है। बहरहाल भारत के ईरान से हुए इस समझौते से दुनिया को संदेश मिल गया है कि भारत किसी भी महाशक्ति की धमकी में आने वाला देश नहीं रह गया है।

**प्रमोद भार्गव: लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।**

# विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रैक एक जून से र्यटकों के लिए खुलेगा

चमोली। उत्तराखण्ड के चमोली जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध फूलों की घाटी ट्रैक इस बार 01 जून 2024 से पर्यटकों के लिए खोल दिया जाएगा। फूलों की घाटी ट्रैक अपने विभिन्न तरह के फूलों के लिए दुनिया भर में मशहूर है। फूलों की घाटी दुर्लभ हिमालयी वनस्पतियों से समृद्ध है और जैव विविधता का अनुपम खजाना है। यहां 500 से अधिक प्रजाति के रंग बिरंगे फूल खिलते हैं। फूलों की



घाटी से टिपरा ग्लेशियर, रताबन चोटी, गौरी और नीलगिरी पर्वत के विहंगम नजारे भी देखने को मिलते हैं। फूलों की घाटी 30 अक्टूबर तक पर्यटकों के लिए खुली रहेगी। उप वन संरक्षक बीबी मर्तोलिया ने बताया कि फूलों की घाटी के लिए पर्यटकों का पहला दल 01 जून को घांघरिया बेस कैंप से रवाना किया जाएगा। पर्यटकों को फूलों की घाटी का ट्रैक करने के बाद उसी दिन बेस कैंप घांघरिया वापस आना होगा। बेस कैंप घांघरिया में पर्यटकों के ठहरने की समुचित व्यवस्था है। फूलों की घाटी ट्रैकिंग के लिए भारतीय नागरिकों को 200 रुपए तथा विदेशी नागरिकों के लिए 800 रुपए ईको ट्रैक शुल्क निर्धारित किया गया है। फूलों की घाटी के लिए बेस कैंप घांघरिया से टूरिस्ट गाइड की सुविधा भी रहेगी।

# गुमशुदा को सकुशल बरामद कर किया परिजनों के सुपुर्द

बागेश्वर(उद संवाददाता)। कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मनकोट निवासी मनकोट व्यक्ति द्वारा बहन के लापता होने और 11मई से घर नही लौटने की गुमसुदगी की प्राथमिकी पुलिस में दर्ज कराई गई। जिसके बाद प्राथमिकी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कैलाश नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी से तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्भावित स्थानों पर तलाश शुरू कर दीगई। काफी खोजबीन/अथक प्रयासों से लापता महिला को कोतवाली क्षेत्र से हीशनिवार 18 मई को सकुशल बरामद कर उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया।अपनी बहन को सुरक्षित पाकर वादी द्वारा पुलिस का आभार प्रकट किया गया। खोजबीन करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल कैलाश नेगी, सहित उनकी चीता पुलिस टीमहेड कॉन्स्टेबल सुरेश चन्द्र,कांस्टेबल राजेन्द्र सिंह, गिरीश बजेली आदि मौजूद थे।

# झगड़ा फसाद की घटनाओं से आम लोग परेशान

## सड़क किनारे खुले होटल ढाबों से लेकर ठेलों पर पिलाई जा रही शराब

काशीपुर(उद संवाददाता)। कटोराताल पुलिस चौकी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर जाम से जाम टकराए जा रहे हैं। यह सिलसिला शाम से लेकर देर रात तक चलता रहता है। नशे में चूर होकर अराजक तत्व अपराधिक घटनाओं को भी अंजाम देने से पीछे नहीं है। चौकी क्षेत्र में मारपीट तथा झगड़ा फसाद आम बात हो चुकी है। सोशल मीडिया के व्हाट्सएप ग्रुप में इस तरह की घटनाएं चर्चा का विषय बनी है लेकिन इस पर अंकुश लगाने के कोई सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहे। सोशल मीडिया के एक व्हाट्सएप ग्रुप के मुताबिक शनिवार रात्रि लगभग 10:00 बजे कोर्ट रोड की ओर जाने वाले मार्ग पर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। कुछ दबंग किस्म के लड़के एक युवक को बुरी तरह पीट रहे थे। जब तक पुलिस मौके पर पहुंचती शरारतीतत्व वहां से फरार हो गए। इसी चौकी क्षेत्र के मोहल्ला खालसा में भी रात्रि लगभग 10:30 बजे दो पक्षों के बीच जमकर लात घुसे चले। मारपीट कि इस तरह की घटनाओं से समाज के बीच रहने वाले संभ्रांत परिवारों का जीना दुश्वार है। जानकारों की माने तो रात्रि 10:00 बजे के बाद शहर की सड़कों पर दबंग तथा अपराधी किस्म के लोग गाड़ियों में सवार होकर आतंक मचाते देखे जा रहे हैं। नशेड़ियों की इस हरकत के कारण मार्ग से होकर गुजरने वालों की सुरक्षा पर भी प्रश्न चिन्ह खड़ा है। **चीमा चौराहा व कोर्ट रोड पर शराबियों की जमघट :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी द्वारा जहां एक ओर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर वर्दी ही नशा कारोबारियों को संरक्षण दे रही है। बताया जा रहा है कि चीमा चौराहे पर खुली मांसाहारी खाद्यान्न की



दुकानों पर जमकर शराब पिलाई जा रही है। इसी तरह कोर्ट रोड पर साहनी रिजॉर्ट के आसपास दर्जनों मांसाहारी खाद्यान्न के ठेलों पर शराबी शाम से लेकर देर रात तक नशे में चूर होकर उत्पात मचाते देखे जा सकते हैं। इन खेलों पर खुलेआम शराब पिलाने का मानो लाइसेंस दे दिया गया। सूत्र बताते हैं कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब पिलाने के एवज में कारोबारियों को चढ़ावा चढ़ाना पड़ता है। ऐसे ही पोस्टमार्टम हाउस मोड पर एक अंडे की ठेले पर खुलेआम शराब पिलाई जाने की सूचना है। इस तरह उक्त चौकी क्षेत्र में दर्जनों स्थानों पर नशे का गैर कानूनी कारोबार जारी है। **महेशपुरा पुलिया से ढेला पुल तक डेंजर जोन :** टांडा उज्जैन चौकी क्षेत्र में बाजपुर रोड पर प्राइवेट बस स्टैंड के सामने तथा बांसफोड़ान चौकी क्षेत्र में महेशपुरा पुलिया से लेकर ढेला पुल तक सड़क किनारे खुले होटल ढाबों से लेकर ठेलों पर शराब पिलाई जा रही है। जसपुर बस अड्डे के समीप एक अस्पताल के सामने अंग्रेजी शराब की दुकान के बगल खोखे पर मुर्गा मछली के साथ सड़क पर ही शराब पिलाई जा रही है। महेशपुर पुलिया के समीप मांसाहारी खाद्यान्न का ठेला इस मामले में पूरी तरह बदनाम है। आसपास खुले होटल भी शराब पिलाकर हराम की कमाई करते हुए कानून व्यवस्था को ठेंगा दिखाने का काम कर रहे हैं। मजे की बात यह है कि जिन स्थानों पर यह गोरख धंधा चल रहा है संबंधित चौकी पुलिस यही आसपास अक्सर वाहनों की जांच पड़ताल करते देखी जाती है।

# विधायक पांडेय के जन्मदिन पर लगाई छबील

गदरपुर (उद संवाददाता)। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के जन्मदिन पर अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया द्वारा भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ निकटवर्ती ग्राम रंजीवनपुर न 1 में दो कन्याओं के विवाह के लिए आर्थिक सहायता दी गई।साथ ही मुख्य बाजार में मीठे शर्बत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई। अनहद ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के एमडी लवली हुड़िया ने कहा आज पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे का जन्मदिन है इस अवसर पर उनके दिशा निर्देश पर दो कन्याओं के विवाह हेतु आर्थिक सहायता एवं भीषण गर्मी के चलते राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलाकर लोगो की प्यास बुझाई।उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पांडेय के स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की।वही वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक हुड़िया ने कहा वह हुड़िया परिवार को सौभाग्यशाली समझते है कि ईश्वर किसी ना किसी रूप में जनता की सेवा करने का मौका मिला है उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों को विधायक पांडेय के जन्मदिन की बधाई दी।इस दौरान क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय की पत्नी मनविंदर कौर पांडेय ने भी जनता को मीठा





शर्बत पिलाकर जनता का आशीर्वाद लिया।साथ ही वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश भुड्डी बन्टी ने भी क्षेत्रीय विधायक अरविंद पांडेय के उज्ज्वल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करते हुए पांडेय परिवार को बधाई दी।इस दौरान रमेश हुड़िया,लवली हुड़िया,रा केश भुड्डी बन्टी, अशोक हुड़िया,रजत हुड़िया, विशाल रस्तोगी, राजेश गुम्बर,रवि पाल, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, नरेश अरोरा,मनीष फुटेला, रमन छाबड़ा, सोमनाथ छाबड़ा, जुगल भुड्डी,पंकज सेतिया, रोबिन फुटेला, बन्टी छाबड़ा,धीरज,गौरव मदान, सौरव शर्मा आदि भाजपाई मौजूद रहे।

# विधायक बेहड़ ने कुलपति का आभार जताया

## कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को कुलपति के समक्ष रखा

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने पन्तनगर कुलपति से भेंट की व श्रम विभाग द्वारा दैनिक मजदूरों का जो वेतन बढाया गया है उसको विश्विद्यालय द्वारा लागू किये जाने पर कुलपति का आभार जताया। इसके साथ हि विधायक बेहड़ ने 2003 से अब तक 20 वर्षों से अधिक विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों व ईकाईयों में वाह्य सेवादाता के माध्यम (ठेके) पर कार्यरत कर्मचारियों की विभिन्न समस्याए तथा साथ हि विश्विद्यालय के ब्लाकों तथा फार्मों में जहाँ लोग निवास करते है वहां शोचालयों का निर्माण कराये जाने की मांग कुलपति जी के समक्ष रखी। विधायक बेहड़ ने विश्वविद्यालय में कार्यरत्त स्टाफ,नर्स,लैब टेक्नीशियन एवम फार्मासिस्ट के सम्बन्ध में वार्ता करते हुए कहा कि ये आपातकालीन ड्यूटी के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहते है द्य ठेकाकर्मियों की भाँती हि इनके वेतन में भी एकरूपता लाते हुए वृद्धि करने हेतु मांग की द्य साथ ही यूनिवर्सिटी के अन्य मुद्दों पर चर्चा की और समाधान हेतु आग्रह किया। इससे पूर्व पंतनगर के सफाई विभाग के कर्मचारियों द्वारा आपने वेतन में वृद्धि कराये जाने पर विधायक तिलक राज बेहड़ का फूल मालाएं लादकर व पगड़ी पहनकर तथा मिष्ठान वितरण कर आभार जताया और कहा कि हम काफी समय से अपने वेतन वृद्धि की मांग कर रहे थे किन्तु विधायक बेहड़ जी के प्रयासों से ही ये संभव हो पाया है,विधायक बेहड़ ने ये मुद्दा कई बार विधानसभा पटल पर भी रखा था इन प्रयासों के बाद हि ये वृद्धि हो सकी है द्य इस दौरान जनरदन सिंह,महेंद्र शर्मा,जगदीश कुमार,अतुल वर्मा ,मनोहर बाल्मीकि,जुबैर खां,राजपाल सिंह,रामशरण पाल,रामदरश यादव,हरकेश ,महेश राम,नागेन्द्र यादव,लीलाधर भट्ट,गौरव मोनू आदि लोग उपस्थित रहे।



# व्यापारियों को उजाड़ने से बचाने की मांग

खटीमा (उद संवाददाता)। पीलीभीत रोड स्थित शारदा टॉकीज के सामने व्यापारियों ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रेषित ज्ञापन सौंपकर व्यापारियों को उजाड़ने से बचाने की मांग की पूर्व सभासद किशन पाल एवं पूर्व सभासद अकरम खां के नेतृत्व में दर्जनों व्यापारियों ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी से मुलाकात की और उनके माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मांग की की समस्त व्यापारी लगभग 40 वर्षों से जिस भूमि पर बसे हैं वहां पर कुछ लोगों ने अपने पक्के निर्माण भी कर लिया और कुछ लोग झाला बनाकर व्यापार कर रहे हैं, सभी व्यापारियों की रोजी-रोटी उक्त दुकानों से चलती है। सभी छोटे व्यापारी अपना जीवन यापन करने के लिए इन दुकानों पर निर्भर है। वन विभाग द्वारा नोटिस देकर लगभग 40 व्यापारियों को वहां 15 दिन के अंदर हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। जिससे व्यापारियों में भय का माहौल है, सभी व्यापारी मांग करते हैं कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हस्तक्षेप कर व्यापारियों की दुकान उजड़ने से बचाए ताकि व्यापारियों के सामने अपने जीवन यापन करने एवं रोजी-रोटी का संकट उत्पन्न ना हो। कई वर्षों से यहां पर व्यापार कर रहे व्यापारियों के पास रोजगार का कोई अन्य साधन नहीं है वह पूरी तरह इन दुकानों पर ही निर्भर है। व्यापारियों को उजाड़ने से बचाया जाए।ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल महामंत्री, मनोज वाधवा, कृष्णपाल अकरम खान, दयाशंकर, विशाल सिंह, झम्मन लाल, संदीप कुमार, शेर सिंह, मोनिश अंसारी, नायाब अंसारी, जीतू पाल, राहुल कुमार, गोपाल सिंह, अन्नू चौहान, प्रेम राणा आदि व्यापारी उपस्थित थे।



# पेयजल लाईन बिछाने का कार्य शुरू

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। नगर में शुद्ध पेयजल मुहैया करवाने को जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। इसका शुभारंभ उत्तराखंड जल निगम बोर्ड के सदस्य ने वार्ड 5 के निवासियों की मौजूदगी में किया।रविवार को तहबाजारी क्षेत्र वार्ड नंबर 5 में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। दिनेशपुर वार्ड नंबर 5 मछली बाजार क्षेत्र के आसपास जल संस्थान की लाइन न होने से लोगों को लंबे समय से गर्मी के समय काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पाइपलाइन बिछाने का कार्य का शुभारंभ करते उत्तराखंड जल संस्थान बोर्ड के सदस्य सीमा सरकार ने बताया की क्षेत्र में पानी की समस्या को लेकर जनता बहुत दिनों से जूझ रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री की जनकल्याणकारी योजना जल जीवन मिशन के तहत लोगों को शुद्ध पेयजल मुहैया करवाना। इसी के चलते आज रविवार को नगर पंचायत क्षेत्र में लगभग 9 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाने का कार्य शुरू हो गया है। संबंधित ठेकेदार अशोक कुमार अरोरा ने बताया यहां पाइपलाइन 6 महीने तक के कारण कार्य शुरू होने का विलंब हुआ। इस मौके पर की निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष सीमा सरकार, की निवर्तमान वार्ड नंबर 5 सभासद सुनीता



बिछाने का कार्य कार्यदयी संस्था के द्वारा दिया गया है। लेकिन जल्द से जल्द एक से दो महीने तक कार्य समाप्त हो जाएगा। बताया कि इसका शिलान्यास आचार संहिता से पहले कर दिया गया था। पाइप उपलब्ध न होने मिस्त्री, चंद्रकांत मंडल, अशोक मल्लिक, सावित्री देवी, सीमा मंडल, चंपक विश्वास, शुभेंदु राय, महादेव शिकारी, विवेक विश्वास, दीपक विश्वास, केशव मल्लिक, शंकर बैरागी समेत काफी संख्या में बार्ड वासी मौजूद रहे।

# सड़क के किनारे खड़े डंपर से भिड़ा कंटेनर, चालक की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। सड़क के किनारे खड़े डंपर में पीछे से आ रहे कंटेनर ने टक्कर मार दी जिससे कंटेनर का चालक केबिन में फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया । पुलिस ने केबिन काट कर चालक को बाहर निकाल जिला अस्पताल भेजा जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि डंपर चालक मौके से फरार हो गया। शनिवार देर रात सेंट मैरी स्कूल के सामने बायपास मार्ग पर डंपर यूपी 25 ईटी 4846खराब हो गया । चालक ने डंपर को मार्ग के किनारे खड़ा कर दिया । इस दौरान रुद्रपुर से काशीपुर की ओर जा रहा कंटेनर यूपी 21सी एन 6857 खड़े डंपर से जा टकराया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कंटेनर का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया,केबिन में बैठा चालक शायर खान निवासी बिशारतगंज बरेली उत्तर प्रदेश अंदर फंसकर गंभीर रूप से घायल हो गया,वही डंपर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। लोगों की सूचना पर थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने केबिन में फंसे चालक को निकालने का प्रयास किया कई असफल प्रयासों के बाद उन्होंने वर्कशॉप संचालक को बुलाकर केबिन कटवाया और शायर खान को बाहर निकाला उसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा उसके परिजन जिला अस्पताल पहुंचते उससे पहले ही शायर ने दम तोड़ दिया पुलिस ने क्षतिग्रस्त कंटेनर और डंपर को कब्जे में लेकर क्रेन की मदद से महतोष पुलिस चौकी के परिसर में खड़ा करवा दिया। घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है, पुलिस के अनुसार तहरीर के अनुसार कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पाण्डे के जन्म दिन पर राहगीरों को बांटा शरबत

गूलरभोज(उद संवाददाता)। भाजपा नेता ओमप्रकाश डोगरा के प्रतिष्ठान पर पूर्व कैबिनेट मंत्री वर्तमान विधायक अरविंद पांडे के जन्मदिन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने छबील लगाकर ठंडे पानी का वितरण किया गया और अरविंद पांडे की लंबी आयु की कामना की। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, संजीव भटेजा, भाजपा नगर अध्यक्ष तरुण दुबे, अनीता दुबे, विजेंद्र यादव, ओमप्रकाश डोगरा, रमेश सागर, ईश्वरी डोगरा, राजेश कुमार, अमित कुमार गुप्ता, पवन डोगरा, सुरेंद्र ठुकराल, रामकिशन दहूजा, हरीश छाबड़ा, विजय कुमार, आशु रघुवंशी, मुकेश राजभर, भूपेंद्र आर्य, इंदर सिंह राठौड़ आदि उपस्थित थे।



# सब्जी लेने गये व्यक्ति की मोटरसाईकिल चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मोदी मैदान स्थित सब्जी मंडी में खरीददारी करने गये एक व्यक्ति की मोटरसाईकिल अज्ञात वाहन चोर चोरी कर ले गया। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में बलविन्दर कुमार पुत्र सुरेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम भमरोला, बगवाड़ा ने कहा है कि 17 मार्च को रात्रि बजे वह अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एपी 7462 पर सवार होकर संजय नगर खेड़ा मोदी मैदान स्थित सब्जी मार्केट में सब्जी लेने के लिये पहुंचा। उसने अपनी मोटर साईकिल मोदी मैदान में खड़ी कर लॉक लगा दिया और सब्जी लेने के लिये चला गया। कुछ देर में सब्जी लेकर वापस आया तो देखा उसकी मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं है जोकि अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी है। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए 146 नमूने, 30 हुए फेल

रुद्रपुर। चारधाम यात्रा मार्गों पर खाद्य प्रतिष्ठानों में मिलावटी खाद्य सामग्री की जांच के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग की मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषणशाला को तैनात किया गया है। शनिवार को टीम ने चमोली के बाजार से मसाले, मिठाई, दाल, दूध, पनीर, जूस के 70 नमूने लिए थे। वैन में जांच के बाद 13 नमूने अधोमानक पाए गए। रविवार को टीम ने कर्णप्रयाग के बाजार से खाद्य सामग्री के 76 नमूने लिए और इनमें 17 नमूने अधोमानक मिले। खाद्य विश्लेषणशाला उपायुक्त राजेंद्र सिंह कठायत ने बताया कि अधोमानक मिलने पर खाद्य सामग्री को मौके पर नष्ट करने के साथ ही प्रतिष्ठान स्वामी को नोटिस दिया गया है। इसके साथ ही भविष्य में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता में सुधार के निर्देश दिए गए।

## पेज एक का शेष...

**पांचवे चरण में ...**वोट पड़े। लखनऊ से सटी मोहनलालगंज सीट पर 28 फीसदी वोट पड़े। गोंडा में 23 तो कैसरगंज में 11 बजे तक 26 फीसदी मतदान हुआ। अमेठी में 27 प्रतिशत वोटिंग हुई तो रायबरेली में 11 बजे तक 29 प्रतिशत वोट पड़े। फैजाबाद में वोट का प्रतिशत 29 रहा।

**थार खाई में गिरने...**पर एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम ने मौके पर पहुँचकर त्वरित कार्यवाही करते हुऐ रोप की सहायता से गहरी खाई में उतरकर उक्त वाहन तक पहुँच बनायी। टीम ने 3 घायलों को रेस्क्यू कर स्ट्रेचर के माध्यम से खाई से बाहर निकालकर एम्बुलेंस द्वारा अस्पताल भिजवाया । जबकि दोनों शवों को वैकल्पिक मार्ग से होते मुख्य मार्ग तक लाकर जिला पुलिस के सुपुर्द किया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**राइस मिल में ...**आवास विकास, रूद्रपुर के साथ अमरज्योति राईस मिल, भदईपुरा में अपने साथी के ट्रक संख्या यूके 06-सीए-4124 लेकर लाईन में खड़े हुए थे। इस सोएं एक व्यक्ति ने गाली गलौच कर उससे धक्का मुक्की करना चालू कर दिया तथा अन्य दो अज्ञात व्यक्ति ने उसके व उसके साथी पर पीछे से लोहे की रॉड से जान से मारने की नीयत से कई बार वार किया गया। जिससे दोनों को गंभीर चोटें आईं। हमलावर दोनों को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये।

**दबंगों ने युवक...**मारपीट पर उतर गए। यह सब घटना वहा पर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटकर लहुलूहान कर दिया। हमलावर युवक को अधमरा कर करके छोड़ गये। बताया जा रहा है कि युवक की रीड की हड्डी क्रैक हुई है और सर पर भी गहरी चोट आई है। उसे अस्पताल भर्ती कराया गया है। युवक की हालत गंभीर बनी हुयी है। मामले की तहरीर लालपुर पुलिस को दे दी है।

**नौकरी दिलाने के ...** डाक्यूमैन्ट चार्ज व अन्य के नाम विभिन्न तिथियों में कुल 3,55,070 रुपये की धनराशि अपने विभिन्न खातो मे जमा करवा ली।निधी का आरोप है कि कम्पनी में नौकरी के नाम पर छल कर आनलाईन कुल 4,31,857 रुपये की धोखाधड़ी की गयी । पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर ली है।

**दुकान में लगी...**पहुंच पाई, इससे पहले ही आग बुझा ली गई। आग लगने से करीबन हजारों रूपये का नुकसान जताया जा रहा है। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा हैं।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# दिनेशपुर में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़

## फैक्ट्री का संचालन कर रहे दो सगे भाइयों के साथ मकान मालिक को किया गिरफ्तार

दिनेशपुर(उद संवाददाता)। एसटीएफ, पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के एक गांव में छापेमारी कर किराये के मकान में चल रही एक अवैध देसी शराब की फैक्ट्री का भण्डाफोड़ किया है। टीम ने मौके से बड़ी मात्रा में तैयार बाजपुर की गुलाब मार्का बाण्ड की नकली शराब के पब्बे,शराब बनाने के उपकरण, अवैध केमिकल, कच्चा माल,खाली बोतल आदि के साथ परिवहन में प्रयुक्त की जाने वाली एक आल्ट्रो कार, एक स्कूटी बरामद की है।टीम ने मौके से फैक्ट्री का संचालन कर रहे दो सगे भाइयों के साथ मकान मालिक को गिरफ्तार किया है। तीनों के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।बताया जाता है कि आरोपी तैयार नकली शराब को हल्द्वानी क्षेत्र में सप्लाई करते थे। एसटीएफ निरीक्षक एमपी सिंह ने बताया कि काफी समय से दिनेशपुर क्षेत्र में नकली शराब बनाने की फैक्ट्री संचालित होने की सूचना मिल रही थी। सटीक सूचना के बाद सीओ एसटीएफ आरबी चमोला के निर्देशन में एसटीएफ की कुमायूं यूनिट, दिनेशपुर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने रविवार दोपहर बाद थाना क्षेत्र के गांव जयनगर नंबर पांच बिराज नगर स्थित एक मकान में छापेमारी की। भीतर दो युवक नकली शराब बना रहे थे। टीम को देख दोनों ने भागने का प्रयास किया। जिसे बल प्रयोग कर दबोच लिया गया। पकड़े गये दोनों युवक ने अपना नाम विशाल मंडल व विकास मंडल पुत्र वीरेंद्र मंडल निवासी वार्ड चार आजाद नगर थाना लालकुआं जिला नैनीताल बताया। दोनों



सगे भाई है। देर शाम को पुलिस ने मकान मालिक मोहन राम को भी गिरफ्तार किया कर लिया। शाम को एसटीएफ के उपनिरीक्षक केजी मठपाल की तहरीर पर पुलिस ने तीनो के खिलाफ विभिन्न धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर लिया। सोमवार को तीनो को न्यायालय में पेश किया जायेगा।बताया जाता है कि विशाल शातिर शराब माफिया है। उत्तराखण्ड के कई थाने में उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम में केस दर्ज है। दोनो तैयार नकली शराब को हल्द्वानी क्षेत्र में बेचते थे। आरोपियों के कब्जे से नीले रंग के 04 प्लास्टिक के गैलन मे 50 -50 लीटर अवेध केमिकल, ट्स गत्ते की पैटियो मे कुल 480 पव्वे गुलाब मार्का देशी शराब,02 कट्टो मे खाली 400 छोटी बोतले, शराब बनाने के उपकरण पैट्रोमैक्स , ऐल्कोमीटर , फिल्टर , दो पानी की मोटरे पाईप के अलावा एक अल्टो कार रंग काला बिना नम्बर , एक सफेद रंग की स्कूटी यूके-04 वाई 3009 बरामद हुआ। सभी को ट्रैक्टर ट्राली से दिनेशपुर थाने मे लाया गया।छापेमारी अभियान में एसटीएफ में उनि कृष्णगोपाल मठपाल, हेका महेन्द्र गिरी,हेका किशोर कुमार, आरक्षी मोहित बर्मा तथा दिनेशपुर थाने से थाना अध्यक्ष नंदन सिंह रावत उनि नवीन सुयाल, श्याम सुंदर तथा गोविंद प्रसाद के अलावा आबकारी टीम से पवन कुमार कम्बोज तथा राजीव चन्द्र मौजूद रहे।

# ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ समापन

## विजेता खिलाड़ियों को विधायक शिव अरोरा ने किया सम्मानित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।हंस स्पोर्ट्स द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप का समापन रविवार शाम पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। इस दौरान विजेताओं को विधायक शिव अरोड़ा ने पुरस्कार वितरित किये। इस अवसर पर विधायक ने सभी प्रदेश से आए हुए अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों को बधाई दी और आयोजकों को भी इस प्रकार के आयोजन बार-बार करने के लिए प्रेरित किया ताकि इस क्षेत्र की प्रतिभाएं सभी खेलों में आगे बढ़ सकें। इस दौरान पुरुष एकल प्रतियोगिता के विजेता यासीन अंसारी एवं रनर के लिए शुभम कुमार को, पुरुष डबल्स के लिए मोहित तिवारी एवं जीवन बोरा एवं रनर अप के लिए शुभम कुमार एवं रजत कुमार को, अंडर 17 सिंगल के विनर के रूप में शौर्य यादव



एवं रनर अप यथार्थ किरोला, 17 डबल्स के लिए विनर आर्यन एवं श्रेया एवं रनर के लिए शौर्य यादव एवं यथार्थ किरोला को ट्राफी व नकद पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ रामजी मौर्य, डॉक्टर प्रदीप अदलखा,विष्णु सक्सेना, हरनाम चौधरी, मानस जायसवाल, राहुल सिंघल राजकुमार खनिजो,कीर्ति निधि ,मोहित देव, अमित अग्रवाल ,गुरु सुतार आदि समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे। इस कार्यक्रम आयोजन में मैच रेफरी लोकेश सिंह राठौर एवम राहुल राज की विशेष भूमिका रही । कार्यक्रम का संचालन शरद जोशी ने किया।

# भीषण गर्मी से ब्रिटिश कालीन बोरिंग का पानी भी सूख गया

## शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जलस्तर गिरा

सितारगंज(उद संवाददाता)।गर्मी का प्रकोप और जलदोहन का असर अभी से हर जगह देखने को मिल रहा है। मुख्य चौराहे के निकट निर्मित प्राचीन पुराने बोरिंग का जल भी सूख गया है। सैकड़ों वर्षों से यह बोरिंग आसपास के लोगों और व्यापारियों की प्यास बुझाता आ रहा है। जो अब खुद प्यासा खड़ा है। भीषण गर्मी और जल दोहन के कारण शहरी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में जलस्तर गिर गया है जिस वजह से नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लगे घरेलू नलों का पानी भी सूख गया है। शहरवासी पानी के लिए जल संस्थान में संयोजन ले रहे है। इसके अलावा शहर के मुख्य चौराहे



पर स्थित ब्रिटिश शासन से आमजन की प्यास बुझाने वाले बोरिंग ने भी पानी देना छोड़ दिया है। बताया जाता है कि इस बोरिंग में लगी टोटियों से पूर्व में खुद ही पानी रिसता था। लेकिन वर्तमान में हालात उलट है। पिछले 15 दिनों से बोरिंग का पानी सूखा हुआ है। इस कारण आसपास के व्यापारी पानी के लिए परेशान हो गए हैं। व्यापारियों को मजबूरन जल संस्थान के नल से पानी भरकर गर्मी में प्यास बुझानी पड़ रही है। सार्वजनिक बोरिंग का पानी सूखने के पीछे जानकार गर्मी का प्रकोप के साथ ही जलदोहन को जिम्मेदार मान रहे है। आसपास के लोगों का कहना है कि पहली बार बोरिंग का पानी सूखा है। जो वाटर लेवल के मानक के लिए खतरनाक संदेश है। इसी तरह जल दोहन होने से भविष्य में पानी के लिए हाहाकार मच सकता है।

# पंजाबी जनकल्याण समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पंजाबी जनकल्याण समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 136 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ । कार्यक्रम का शुभारंभ सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई द्वारा किया गया। ब्लड डोनेट करने वालों को सर्टिफिकेट एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक अवनीश राजपाल ने बताया कि ब्लड बैंकों में ब्लड की कमी एवं थैलेसीमिया मरीजों के लिए ब्लड की आवश्यकता को देखते हुए कैंप का आयोजन सफल रहा । कैंप में लगभग 45 महिलाओं ने रक्तदान किया। संयुक्त सचिव उमंग वासुदेवा ने बताया कि




सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय ब्लड बैंक को 65 यूनिट एवं जोशी चौरिटेबल ब्लड बैंक को 71 यूनिट ब्लड एकत्रित करके दिया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप कक्कड़, महामंत्री मुकेश ढींगरा, संजीव आनंद, सुभाष मोंगा, कश्मीरी लाल साहनी, रमेश सडाना, दीपक वाही, राजीव वाही, कनिष्क ढींगरा, शिखर आहूजा,राजीव बग्गा, रश्मि राजपाल, सीमा साहनी, आंचल खन्ना, कनिका वासुदेवा, पूजा बग्गा, अर्चना गुलाटी, भूमिका बांगा, शालिनी गुम्बर आदि उपस्थित थे ।

# जंगलों में पानी के स्रोत सूखे

सितारगंज। भीषण गर्मी के कारण जंगलों में पानी के स्रोत भी सूख गए हैं। वन्यजीव के लिए वन क्षेत्राधिकारी जंगलों में सुख जल स्रोतों में पानी भर रहे हैं। रस्मी रेंज के रेंजर महेंद्र सिंह रेकुनी ने बताया कि जंगलों में वन्यजीवों के लिए बनाए गए जल स्रोत सूख गए हैं। जिनमें वन विभाग की टीम टैंकरों से पानी भर रही है। ताकि गर्मी के मौसम में वन्यजीवो को जंगल में ही पानी मिल सके।